ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 23 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 170 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



नई पीढ़ी को मंदिरों के माध्यम से देने ... पेज 12 पर

सीबीएसई का बड़ा फैसला

## सभी भारतीय भाषाओं में होगी 12वीं तक की पढ़ाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने स्कूलों से बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के वैकल्पिक माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने पर विचार करने को कहा है। यह देखते हुए कि शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत कई भाषाओं में शिक्षा शुरू करने के लिए उपाय किए हैं। बोर्ड ने अपने स्कूलों को उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने और बहुभाषी शिक्षा से सर्वोत्तम बनाने के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए कहा है। सीबीएसई के निदेशक जोसेफ इमैनुएल ने स्कूलों को लिखे एक पत्र में कहा, 'भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा की सुविधा के लिए की गई पहल के मद्देनजर, सीबीएसई से संबद्ध स्कूल अन्य मौजूदा विकल्पों के अलावा एक वैकल्पिक माध्यम के रूप में भारतीय संविधान की अनुसूची 8 में उल्लिखित भारतीय भाषाओं का उपयोग करने पर विचार कर सकते हैं। **(संबंधित खबरें पेज 12 पर)**

## इसरो-नौसेना ने 'मिशन गगनयान' के लिए पूरे किये हार्बर रिकवरी परीक्षण

### टीम इसरो के 'मिशन गगनयान' की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी

### क्रू-रिकवरी टीम के पहले बैच को नौसेना ने कोच्चि में दिया है पहला प्रशिक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इसरो और भारतीय नौसेना ने मिशन गगनयान के लिए विशाखापत्तनम हार्बर में मानव अंतरिक्ष मिशन क्रू मॉड्यूल रिकवरी और लिफ्टिंग परीक्षण पूरे कर लिए हैं। इसरो ने यह परीक्षण विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में भारतीय नौसेना के एक जहाज पर किये हैं। भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। 'मिशन गगनयान' की क्रू-रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में पहले चरण का परीक्षण दिया गया है। विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में बंदरगाह परीक्षणों की शुरूआत के साथ गगनयान मिशन का रिकवरी परीक्षण संचालन दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय नौसेना ने संयुक्त रूप से 20 जुलाई को परीक्षण वाहन के पहले विकास मिशन के दौरान पुनर्प्राप्ति कार्यों के लिए पहचाने गए जहाज के साथ परीक्षण किया। विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में इसरो और भारतीय नौसेना ने गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए क्रू-मॉड्यूल मॉकअप का उपयोग करके बंदरगाह पुनर्प्राप्ति परीक्षण आयोजित किए। यह प्रशिक्षित टीम अब आने वाले महीनों में इसरो के मिशन गगनयान की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी।

इसरो के बेंगलुरु मुख्यालय की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा कि यह मॉकअप परीक्षण प्रक्रिया में इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे रिकवरी प्रक्रियाएं स्थितियों का सटीक अनुकरण करती हैं। बयान में यह भी कहा गया कि परीक्षणों के दौरान पुनर्प्राप्ति के विभिन्न चरणों का अनुकरण किया गया था, जिसमें जहाज के डेक पर क्रू-मॉड्यूल को खींचना, संभालना और उठाना शामिल था। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरकर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। इसरो के मिशन गगनयान की क्रू-रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में पहले चरण का प्रशिक्षण दिया गया है। नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में क्रू-मॉड्यूल को प्रशिक्षित किया। कोच्चि स्थित डब्ल्यूएसटीएफ भारतीय नौसेना की एक जल जीवन रक्षा परीक्षण सुविधा है, जहां विमान चालक दल को कई दुर्घटना परिदृश्यों और मौसम की स्थिति के तहत फंसी हुई उड़ान से बचने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। दो सप्ताह के प्रशिक्षण कैप्सूल में मिशन के संचालन, चिकित्सा आवश्यकताओं के दौरान की जाने वाली कार्रवाइयों और विभिन्न विमानों और उनके बचाव उपकरणों से परिचित होने के बारे में जानकारी दी गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर ईडी के विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए दोनों की याचिका को खारिज कर दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने अग्रिम जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया।

### राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई 17 अगस्त को

**रांची।** रांची एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मोदी सरनेम केस से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। 16 जून को इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने राहुल गांधी को सशरीर उपस्थिति होने का निर्देश दिया था। इस आदेश को राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसपर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 16 अगस्त तक राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

### पुलिस ने 40 आईईडी बम बरामद किए

**रांची।** झारखंड पुलिस ने नक्सलियों द्वारा तबाही मचाने की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। राज्य के लातेहार जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों ने कुकू जंगल से 40 आईईडी बम बरामद किए। बम को सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए जमीन के नीचे लगाए गए थे। बताया गया कि सुरक्षा बल के जवान जब गारु थाना के कुकू जंगल में सर्च अभियान चला रहे थे, उस समय उन्होंने एक पेड़ के नीचे तार लगा देखा। जब उन्होंने मिट्टी हटाई तो देखा कि वहां आइईडी बम बिछाए गए थे। इसकी सूचना सुरक्षा बलों ने पुलिस के सीनियर ऑफिसर्स को दी।

### नौशाद और इंद्रजीत डीआईजी रैंक में प्रोन्नत

**रांची।** रांची के ग्रामीण एसपी मो. नौशाद आलम और इंद्रजीत महथा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार इस प्रोन्नति से पदाधिकारी का वर्तमान पदस्थापन प्रभावित नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि मो. नौशाद आलम 2010 बैच और इंद्रजीत महथा 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

सीएम ने मुख्यमंत्री सारथी योजना का किया शुभारंभ, कहा

## हर हाथ को मिलेगा काम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जमाना तकनीक का है। बदलते वक्त के साथ तकनीक भी बदल रही है। ऐसे में हर इंसान को हुनरमंद होना होगा। यदि आपके पास हुनर होगा तो बाजार में आपकी डिमांड भी होगी और रोजगार के बेहतर विकल्प और अवसर भी मिलेंगे, वरना जमाने से आप काफी पीछे रह जाएंगे। ऐसे में आप अपने हुनर को निखारें और अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता तथा परिवहन भत्ता वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से जीवन में बदलाव के साथ ऊर्जा का संचार होता है एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की शक्ति मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यहां के ग्रामीण ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### क्या है बिरसा योजना

मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना के तहत प्रखंड स्तर पर कौशल विकास का प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना है। इस योजना के पहले चरण में अस्सी प्रखंडों में बिरसा केंद्र खोले जा रहे हैं। यहां युवाओं को निशुल्क कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को एक हजार रुपये रोजगार प्रोत्साहन भत्ता मिलेगा जबकि युवतियों, दिव्यांगों और परलैंगिकों के लिए यह राशि एक हजार पांच सौ रुपये प्रति माह होगी। इसके अलावा गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को एक हजार रुपये प्रतिमाह परिवहन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में एक वर्ष तक रोजगार प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार, श्रम विभाग के अपर सचिव अमित प्रकाश और पवन कुमार मौजूद थे।

मणिपुर हिंसा पर सीएम ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, कहा-

## ऐसी बर्बरता पर चुप्पी भयानक अपराध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मणिपुर में जारी हिंसा और आदिवासी महिलाओं से बर्बर सलूक वाले वीडियो पर भारत की राष्ट्रपति को पत्र लिखकर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि जनजाति भाई-बहनों के साथ घिनौनी बर्बरता और क्रूरता पर चुप्पी साधे रखना भयानक अपराध होगा। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपुर में शांति-सद्भाव की बहाली और मानव गरिमा को सुनिश्चित करने के उपाय करने की गुहार लगाई है। उन्होंने पत्र में कहा है कि मणिपुर को मरहम की जरूरत है। एक राष्ट्र के तौर पर उसकी मदद जरूरी है। सीएम ने यह पत्र अपने ट्विटर हैंडल पर भी साझा किया है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री और राष्ट्र के एक नागरिक के तौर पर मणिपुर में सैकड़ों निर्दोष लोगों की मौत, संपत्ति और सार्वजनिक ढांचे को पहुंचाए गए नुकसान पर गहरी व्यथा जाहिर की है।

उन्होंने लिखा है, मणिपुर दो महीने से ज्यादा समय से जल रहा है। जो सूचनाएं हैं उनके अनुसार, मणिपुर में बच्चों सहित 40 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं और अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं। कुछ निहित ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

यौन शोषण के शिकार बच्चों को मिलेगा न्याय

## स्पेशल यूनिट का होगा गठन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़े मामलों की तफ्तीश में तेजी लाने और पॉक्सो एक्ट के तहत मुजरिमों को सजा दिलाने के लिए झारखंड पुलिस एक स्पेशल यूनिट का गठन कर रही है। सीआईडी के तहत बनायी जाने वाली इस यूनिट में महिला-पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। राज्य के सभी 606 थानों में स्पेशल महिला पुलिस की नियुक्ति की जायेगी। सीआईडी का प्रयास है कि पॉक्सो के मामले में न सिर्फ जांच को गति मिले, बल्कि मौके पर अधिक से अधिक सबूत भी जुटाए जायें। यही नहीं उपलब्ध ठोस सबूतों के आधार पर अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा भी दिलायी जाये। झारखंड पुलिस का मानना है कि लैंगिक अपराध के पीड़ितों की मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग के लिए ऐसे महिला-पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की जरूरत है जो पीड़ित बच्चे-बच्चियों को देखकर घबराएं नहीं। साथ ही जरूरत होने पर पीड़ित बच्ची को प्राथमिक उपचार देने के साथ पट्टी और टीका लगा सकें। इस जरूरत को देखते हुए स्पेशल यूनिट में प्रतिनियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को मनोवैज्ञानिक, लॉ, मेडिकल फॉरेंसिक तथा नर्सिंग की ट्रेनिंग दी जायेगी। इसके अलावा उन्हें पीड़ितों के शरीर और पहने हुए कपड़ों पर उपलब्ध साइंटिफिक एविडेंस एकत्र करने की भी ट्रेनिंग दी जायेगी। बीते तीन साल में राज्य में पॉक्सो एक्ट के 3388 मामले दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े मार्च 2023 तक के हैं। झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक मनीष जायसवाल की ओर से पूछ गए प्रश्न पर यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने दी थी।

## झारखंड में 171 चिकित्सकों की होगी नियुक्ति

**रांची।** राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार और स्वास्थ्य विभाग समन्वय स्थापित कर काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संबद्ध झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के द्वारा चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। अनुबंध पर आधारित इस नियुक्ति में चयनित चिकित्सकों की सेवा एक साल के लिए ली जाएगी। विशेषज्ञ मेडिकल ऑफिसर, रेडियोलॉजिस्ट हेमेटोलॉजिस्ट और मेडिकल ऑफिसर की रेगुलर और बैकलॉग को मिला कर कुल 171 चिकित्सकों की नियुक्ति होनी है। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के लिए 123, रेडियोलॉजिस्ट के 19 हेमेटोलॉजिस्ट के एक और मेडिकल ऑफिसर के 28 पद पर नियुक्ति की जानी है।

## एनआईए ने विदेशी हथियार व लेवी के पैसे बरामदगी मामले में दर्ज किया केस

### 16 जनवरी को डूमरी पुलिस ने 15 लाख के ईनामी कृष्णा हांसदा को किया था गिरफ्तार

### सैक कमांडर रामदयाल महतो व बिहार के अभिजीत कोड़ा के खिलाफ भी केस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





एनआईए ने झारखंड में भाकपा माओवादियों के बड़े नेताओं के खिलाफ विदेशी हथियार और लेवी बरामदगी से जुड़ा नया केस दर्ज किया है। जेल में बंद भाकपा माओवादी कृष्णा हांसदा, सैक कमांडर व झारखंड पुलिस के 25 लाख के ईनामी रामदयाल महतो, और बिहार के जमुई के अभिजीत कोड़ा के खिलाफ एनआईए रांची ने केस दर्ज किया है। दरअसल, तीनों उग्रवादी नेताओं के खिलाफ गिरिडीह के डुमरी में 16 जनवरी को स्थानीय पुलिस ने केस दर्ज किया था। कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद दर्ज केस को एनआईए ने टेकओवर कर लिया है। एनआईए रांची ने केस को टेकओवर करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्राचार किया था। जून महीनें में मंत्रालय ने केस को टेकओवर करने की इजाजत दे दी। जिसके बाद एनआईए ने अब अनुसंधान शुरू किया है। एनआईए के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, गिरिडीह के लुसियो जंगल में भाकपा माओवादियों की गतिविधी रही है। 16 जनवरी को पुलिस ने कृष्णा हांसदा, रामदयाल महतो, अभिजीत कोड़ा समेत अन्य माओवादियों के दस्ते की मौजूदगी की सूचना पर अभियान शुरू किया था। इस अभियान के दौरान कृष्णा हांसदा को गिरफ्तार किया गया था, जबकि बाकि माओवादी मौके से भाग खड़े हुए थे। इस दौरान कृष्णा के पास से मेड इन यूएस लिखा हुआ 7.65 एमएम का पिस्टल बरामद किया था। वहीं उसके पास से लेवी के 2 लाख 1 हजार 520 रुपए भी बरामद किए गए थे। एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, 7.65 बोर का हथियार प्रतिबंधित श्रेणी का है, साथ ही विदेशी हथियार होने के कारण मामला काफी गंभीर है।

गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने जो पर्चे बरामद किए थे, उससे यह स्पष्ट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के 24 नये आईपीएस को कल मिलेगा बैच

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 जुलाई को झारखंड के 24 नये आईपीएस को बैच देंगे। झारखंड पुलिस ने 24 नवप्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों के लिए 24 जुलाई को पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया है। इन आईपीएस को मिलेगा बैचः 6 आईपीएस को मिला 2017 बैच : सरोजनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय और विजय आशीष कुजूर। 12 आईपीएस को मिला 2019 बैच : दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, -अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडे व अनिमेष नैथानी। 6 आईपीएस को मिला 2020 का बैच : अजय कुमार, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली व पीतांबर सिंह खेरवार।

सजावटी फूलों की खेती से आरती देवी ने बनाई अलग पहचान

## लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं जरबेरा फूल

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**



कहा जाता है कि मन में कुछ करने की तमन्ना हो और लगन के साथ मेहनत की जाए, तो कोई ऐसा काम नहीं है, जिसे पूरा नहीं किया जा सके। फिर बात महिला की हो या पुरुषों की, सफलता निश्चित मिलती है और इसे सिद्ध कर रही हैं खूंटी जिले के कर्रा परखंड की लोधमा पंचायत के लोहागड़ा गांव की रहने वाली आरती देवी।

कुछ वर्ष पहले तक एक-एक पैसे के लिए मोहताज रहनेवाल आरती देवी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर पूरे क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। आज कर्रा प्रखंड ही नहीं, जिले के अन्य क्षेत्र में आरती देवी की पहचान फूलों वाली दीदी के रूप में बन गई है। आरती देवी बताती है कि वह अधिक पढ़ी लिखी नहीं हैं। न ससुरात की अर्थिक स्थिति ठीक थी और मायका की। जब लोधमा के लोहागड़ा जैसे पिछड़े गांव में उनकी शादी हुई, तो वह अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित थी। पति की भी कोई बहुत अच्छी कमाई नहीं थी। खैर किसी प्रकार दिन कटता रहा और आरती दिन भर कुछ अच्छा काम करने का तानाबाना बुनती रहती थी। उसी दौरान वह लक्ष्मी महिला मंडल के संपर्क में आई। वहां उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला विकास की योजनाओं की जानकारी मिली। महिला मंडल से जुड़ने के पहले आरती अपने परिवार के साथ खेतों में काम करती थी। इसलिए खेती के संबंध में उन्हें हल्की-फुल्की जानकारी थी, लेकिन धान, मड़ुवा,उड़द जैसी परंपरागत खेती ही परिवार वाले करते थे। इससे कोई विशेष आमदनी नहीं होती थी। बाद में महिला मंडल के माध्यम से उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से खेती की जानकारी मिली और उन्होंने इसका प्रशिक्षण भी लिया। आरती के लगन और मेहनत को देखकर उनका चयन आजीविका कृषि सखी के रूप में हुआ।

आरती बताती हैं कि आजीविका कृषि सखी के रूप में चयन ही उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट था। वहीं से उनके जीवन में परिवर्तन आने लगा। आरती देवी बताती हैं कि उन्हें उद्यान विभाग से अभिषरण के माध्यम से झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन सोसायटी(जेएसएलपीएस) द्वारा ग्रीन हाउस उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही आरीत को जरबेरा फूलों की नर्सरी भी मिली, जिसे दीदी ने अपनी मेहनत से उपजाया है और आज उनके ग्रीन हाउस में चार रंगों के फूल लोगों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। उनकी नर्सरी के पीले, सफेद, गुलाबी और लाल रंग के फूल ग्रामीणों तथा व्यापारियों को खूब पसंद आ रहे हैं। आत्मसम्मान की मुस्कान लिए आरती बताती हैं कि एक फूल को वह आठ से दस रुपये में बेचती है। उन्होंने बताया कि पिछले दो ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में पीएम कुसुम योजना को मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएम कुसुम योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को ऊर्जा और पानी के सुरक्षा की गारंटी देना है। किसानों की कृषि अच्छे से हो। उनकी आय में बढ़ोतरी हो। पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सके। इस उद्देश्य से पीएम कुसुम योजना यानी प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान की शुरूआत की गई है। यह जानकारी केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने लोकसभा में शनिवार को दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से संबंधित सवाल पूछा था। संजय सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष रूप से कृषि क्षेत्र को ऊर्जा और सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सौर ऊर्जा के माध्यम से किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। उनकी खेती प्रदूषण से बच सके। उनकी पैदावार ज्यादा हो। उनकी आय में बढ़ोतरी हो। इन्हीं सब सोच के साथ इस योजना को लाया गया है। इसके तहत देशभर में 35 लाख से अधिक सिंचाई परियोजनाओं को क्रियान्वित किए जाने की तैयारी चल रही है। युद्ध स्तर पर इस क्षेत्र में काम भी हो रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि झारखंड में इस परियोजना के तहत 36717 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, जिसमें 12844 स्थानों पर सौर ऊर्जा से सिंचाई की व्यवस्था कर ली गई है। विगत चार वर्षों में झारखंड को इस मद में अब तक 36 करोड़ रुपये की राशि भी दी जा चुकी है।

## ई-रिक्शा चलाकर निभा ने बदली अपनी जिंदगी

# अपनी मेहनत से बदल दी परिवार की किस्मत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ जमशेदपुर**
इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के प्रति लोगों प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र और राज्य की सरकारें तरह-तरह की पहल कर रही हैं। इसी प्रयास का प्रतिफल है जमशेदपुर के डिमना रोड, मानगो की रहने वाली निभा देवी। निभा ई-रिक्शा चलाकर अपनी और अपने परिवार का अच्छे से भरण-पोषण करने में मददगार बन रही हैं। निभा के बदलाव की इस कहानी को लेट मी ब्रीथ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मुहीम, 'ईवी, ओके प्लीज' ने साझा किया है। आज से दो वर्ष पहले तक निभा का दिन अपने दो बच्चों और पति की देखभाल में गुजरता था। लेकिन फिर एक दिन उन्होंने अपने जीवन को अलग ढंग से जीने



का फैसला कर लिया। एक स्वंय सेवी संस्थान रौशनी की मदद से ई-रिक्शा चालन का प्रशिक्षण लिया। और अपने परिवार के मामूली आय में अपना योगदान करने के इरादे से ई-रिक्शा चलाना शुरू कर दिया। शुरूआत में वह किराए पर लिए गए अपने ई-रिक्शा शहर को जुबली पार्क के आस-पास चलाती थीं। वह रोज 1200 तक कमा लेती थीं लेकिन उनको अपने श्रम के लिए केवल 200 रूपए का ही भुगतान होता था। निभा इस से खुश नहीं थीं। फिर निभा ने लोन की सहायता से एक सेकेंड हैंड ई-रिक्शा खरीद लिया। अब वह रोजाना, अपने नियत स्टैंड से शहर में 8 किलोमीटर तक सवारी को लाना-ले जाना करती है। निभा थोड़ी चिंता के साथ बताती हैं कि मेरे पति पिछले कई महीनों से बेरोजगार हैं। सोचती हूं कि अगर मैंने ई-रिक्शा चलाने की ट्रेनिंग नहीं ली होती तो पता नहीं आज मेरा और मेरे परिवार की क्या हाल हुआ होता। बदलाव की ऐसी ही कहानियों को मंच दे रही है लेट मी ब्रीथ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मुहीम, 'ईवी, ओके प्लीज'। संस्था का लक्ष्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से आने वाले बदलावों को लोगों को कहानियों के जरिए परिचित कराना और इन क्षेत्रों में पर्यावरण-अनुकूल, ईको-फ्रेंडली परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ करना है।

## खूंटी व्यवहार न्यायालय में पांच दिवसीय विशेष लोक अदालत शुरू

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय में शनिवार से पांच दिवसीय विशेष लोक अदालत शुरू हुआ। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने किया। इसका समापन 27 जुलाई को होगा। इस विशेष लोक अदालत में फैमिली मैटर्स सिविल मैट्रिमोनियल, एनआई एक्ट, क्रिमिनल कंपाउंडेबल से संबंधित वादों का सुलह-समझौता कराया जाएगा। डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि लोग इस पांच दिवसीय स्पेशल लोक अदालत में आकर अपने लंबित वादों को सुलह के आधार पर समाप्त कराएं। इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, डालसा कर्मचारी अवनीश भारद्वाज, पीएलवी नरेश कुमार महतो, अंजू कच्छप आदि उपस्थित थे।

# वर्षों से क्षतिग्रस्त मुख्य नहर का हुआ जीर्णोद्धार, किसानों को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
राहे प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के आग्रह पर रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के निदेर्शानुसार राहे प्रखण्ड के डोकाद पंचायत के वर्षों से क्षतिग्रस्त मुख्य नहर का जीर्णोद्धार जेसीबी से करवाया गया। विदित हो कि पिछले दिनों स्थानीय किसानों ने अपनी इस समस्या को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों के समक्ष रखा था और आग्रह किया था कि किसी भी तरह से इस मुख्य नहर की मरम्मति करवा दी जाय। किसानों ने प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को बताया था कि मुख्य सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त रहने की वजह से सैकड़ों किसानों के



खेतों में बारिश के पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा था जिसका असर उनके फसलों पर पड़ रहा था। प्रखण्ड कमिटी की तत्परता के कारण ही इस मुख्य सिंचाई नहर का जीर्णोद्धार हुआ। इससे स्थानीय किसानों में हर्ष की लहर है तथा उन्होंने कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद दिया । ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी के ही कार्यकाल में हरित क्रांति के लाने के उद्देश्य से पुरे पांच परगना क्षेत्र के सोनाहातु, राहे, सिल्ली,तमाड़ एवं बुण्डू में सिंचाई नहर का जाल बिछाया गया था।आज राहे प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के प्रदीप गोस्वामी, त्रिलोचन महतो, कृष्ण चटर्जी, राजेश्वर सिंह, कृष्णा अहीर, भुपाल महतो एवं प्रभाकर मिश्रा आदि कांग्रेस नेताओं ने इस काम को कराने में सहयोग दिया।

## श्री श्याम मंदिर में 72वें श्री श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मंदिर में 72वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री मोहनलाल



खंडेलवाल ममता देवी खंडेलवाल माधव प्रिया पलक निमित खंडेलवाल ने श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल शालिग्राम शिव परिवार वीर बजरंगबली गुरुजनों को भंडारे का भोग अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। खंडेलवाल परिवार ने भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित कर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आर्चायों को भंडारा का महाप्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्याम बाबा के भक्तों को विश्वास है कि गर्भगृह में भोजन प्रसाद के अर्पण से भोग अमृत हो जाता है। 72वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में खीर चूरमा पूरी आलू चना की सब्जी का प्रसाद मंदिर में ही निर्मित किया गया था। इसके अतिरिक्त आमरस बिस्कुट टॉफी को भी भंडारे में शामिल किया गया था। भंडारे का वितरण का समय होते-होते पूरा मंदिर परिसर भक्तों से अट गया व हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया था। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के देखरेख में भंडारे का प्रसाद निर्मित होता है। श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच मोहन लाल खंडेलवाल सुरेश सरावगी ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया। लगभग 3600 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, अनिल नारनौली, मोहनलाल खंडेलवाल, श्याम सुंदर शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, कमलेश सावा ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# रातू पुलिस ने तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
पुलिस ने कांड संख्या 229/ 2023 का खुलासा करते हुये तीन अपराधियो को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियो ने 8 जून की रात 8 बजे रातू सुंडिल निवासी संतोष कुमार चौरसिया को गोली मारने के बाद फरार हो गये थे। घटना में संतोष चौरसिया गंभीर रूप से घायल हो गये थे। मामले को को लेकर श्री चौरसिया ने रातू थाने में अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। जानकारी के मुताबिक संतोष चौरसिया मकान ढलाई के लिये मिकचर मशीन भाड़े में देता है। 8 जून की रात बाईक में तीन अपराधी संतोष के घर पहुंचे व घर की ढलाई कराने की बात करनते हुये बातचीत की और मौका पाकर गोली मार दी। गंभीर अवस्था मे घायल संतोष का



इलाज रिम्स में हो रहा है। उक्त कांड के उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक (मु०) द्वितीय राँची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 1- संजय भगत, पिता स्व० लक्ष्मण भगत, सा० मक्सी हरो टोली, थाना+जिला लोहरदगा, 2. राजेन्द्र महली, पिता शलवाहन महली, सा० तिगरा लालपुर थाना+जिला लोहरदगा एवं 3. उमेश उरॉव, पिता बुदा उरीव सा0 कुसुमटोली देवाकी, थाना घघरा, जिला गुमला को गिरफ्तार किया गया. जिन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ है कि अपराधकर्मियों द्वारा 5,00,000 रूपया रंगदारी की भी मांग की गयी थी। गिरफ्तार अपराधकर्मी अपहरण, शस्त्र अधि०, जानलेवा हमला जैसे कई कांडों में पूर्व में जेल जा चुके है, जिसकी जाँच की जा रही है। छापामारी दल में शामिल : डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, सपन कुमार महथा, थाना प्रभारी रातु, अंजन कुमार, रातु थाना, महानन्द कुमार, रातु थाना , शेखर कुमार सिंह रातू थाना, शेख मुमताज, रातु थाना, नागेन्द्र चौधरी, रातु थाना आदि शामिल थे।

## कुआं के समीप मिट्टी डालने से ग्रामीण परेशान



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड अंतर्गत टुटकी गांव मे कुआं के समीप मिट्टी डालने से ग्रामीण आक्रोश में आ गए। ग्रामीणों का कहना है की यह कुआं सरकारी है लेकिन दूसरे के जमीन पर है और जमीन मालिकों के द्वारा ही मिट्टी डाला गया ताकि अन्य ग्राम वासियों को पानी लेने में दिक्कत हो। इधर कुछ ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग वर्षों से इसी कुआं का पानी से अपना जीवन यापन करते हैं। बरसात के समय मिट्टी डालने से कुआं के समीप किचड़ हो गया है। जिससे पानी लेने में बहुत ही परेशानी होती है इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में आपसी तनाव हो गया है। ग्रामीणों ने सिल्ली थाना में लिखित आवेदन देकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। सिल्ली थाना घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बातों को सुना एवं दोनों पक्षों के समस्या को सुलझाया और कुआं के सामने रखे गए मिट्टी की साफ सफाई कर पानी की समस्या का समाधान करवाया।

## टर्बो के धक्के से दो महिलाएं घायल, एक रिम्स रेफर



**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के मेशाल तालाब के समीप शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे एन एच-75 पर ऑटो को पीछे से टर्बो ने धक्का मार दिया, जिससे ऑटो सवार दो महिलाएं घायल हो गई। दोनों घायल महिलाओं को ईलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल लाया गया।प्राथमिक ईलाज के बाद मुरगु रातू निवासी 30 वर्षीया सीमा देवी तथा 42 वर्षीया रीता देवी मुरगु से ऑटो में बैठ मांडर आ रही थी। इसी क्रम में मेशाल मुड़मा तालाब के समीप ऑटो को टर्बो ने पीछे से टक्कर मार दिया। घायल महिलाओं में से एक महिला सीमा देवी को प्राथमिक ईलाज के बाद डॉक्टर ने बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया है वहीं रीता देवी को घर भेज दिया है। मांडर पुलिस ने टर्बो को अपने संरक्षण में ले लिया पर ऑटो चालक ऑटो लेकर भागने में सफल रहा है।

## मुखिया ने समस्या समाधान के लिए बैठक बुलाई



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया पंचायत के टेंगरिया गांव स्थित स्कूल परिसर में शनिवार को मुखिया प्रबला केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनी गई। बैठक में पंचायत की जनता की सभी समस्याओं को एक-एक कर सुना गया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में समस्या,पंचायत में साफ सफाई व पानी की समस्या, गांव से नशा पान को मुक्त करना, स्कूल को सुचारू रूप से चलना, पंचायत के वृद्ध,विधवा व विकलांग लोगों की भोजन की व्यवस्था करना। साथ ही पंचायत के गांवों में बिजली व पेयजल की समस्या को सुना एवं हर संभव इन समस्याओं का निराकरण करने का आश्वसान दिया। मुखिया ने कहा जनता की हर समस्या का समाधान होगा। समस्या का समाधान तथा संबंधित विभाग और जिला प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। बैठक में पंसस रौशन तिर्की वार्ड सदस्य चार के सतीश सिंह,अजित तिर्की,आंगनबाड़ी सेविका जल सहिया,संयोजिका व स्वास्थ्य सहिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# घायल छात्रा की इलाज के दौरान हुई मौत, गांव में छाया मातम

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया नहर टोली गांव निवासी 19 वर्षीय इंटर पास छात्रा खुशबू खाखा पिता सुरेश खाखा की विगत शुक्रवार को इलाज के दौरान रिम्स रांची में मौत हो गई। छात्रा को गुरुवार को अपने ही घर के आंगन में थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव के एक सिरफिरे युवक अर्जुन उरांव ने लगातार चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गई थी। वहीं खुशबू के द्वारा शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले सोमरा मिंज अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीरावस्था में घायल युवती को बेहतर उपचार



के लिए रिम्स रेफर कर दिया।जिसे स्वजनों ने उपचार के लिए रिम्स रांची ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्रा की मौत की सूचन से परिवार में कोहराम मच गया।वहीं गांव में मातम छा गया है।पिता सुरेश खाखा मां दिनिया खाखा छोटा भाई निखिल खाखा मामा सुकेन्द्र उरांव सहित स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका छात्रा के मामा सुकेन्द्र उरांव ने बताया कि खुशबू खाखा राजकीय बालिका प्लस टू विद्यालय बरियातू रांची से 2023 में इंटर पास की थी। वह पढ़ लिखकर शिक्षिका पुलिस या नर्स बनना चाहती थी। वही इसकी तैयारी के लिए वह सुबह में दौड़ लगाती थी। लेकिन एक हत्यारे ने उसपर चाकू से बेरहमी से हमला कर दिया। वही बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि आरोपी युवक अर्जुन उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वही इस मामले को लेकर गहनता से जांच कर रहे हैं। इधर पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की शाम छात्रा का शव गांव लाया गया। जहां अंतिम संस्कार आदिवासी पम्परा अनुसार गांव के मसना में किया गया।

# केंद्र सरकार के रोजगार मेले में रांची के 200 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत देश के 70 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए, जिनमें रांची के 200 युवाओं को रोजगार मिला है। रांची में सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, सेंट्रल जीएसटी के प्रिंसिपल सरदार वल्लभ समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी ने पीएम के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं, उनके लिए यादगार दिन है। साथ ही देश



के लिए भी यह बहुत ऐतिहासिक दिवस है। इसमें केंद्र सरकार के विभागों के साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये भर्तियां की जा रही हैं। इन विभागों में होंगी भर्तियां युवा राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सरकार में शामिल हैं।

## लापुंग में प्री-सुब्रतो कप बालिका वर्ग अंडर 17 में सरसा हाई स्कूल का कब्जा

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड स्थित स्टेडियम में प्री सुब्रतो कप मुखर्जी प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग अंडर 17 में सरसा हाई स्कूल का कब्जा, बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग ने खिताब जीता। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया ने चैंपियनशीप हासिल किया। शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र की प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की, विशिष्ट अतिथि बीआरपी रेशम शाहदेव तथा लाल मिथिलेश कुमार सिंह ने विजेता और उप विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया। बालिका वर्ग अंडर 17 में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा ने राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया को 2-0 से पराजित कर बालिका वर्ग अंडर 17 में कब्जा जमाया। सरसा की ओर से मीना कुमारी ने पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही शानदार गोल कर अपनी टीम को शुरूआत में ही बढ़त दिलाई। महज दो मिनट बाद ही सरसा की तेज तरार स्ट्राइकर मगनी कुमारी ने शानदार गोल कर अपनी टीम को शुन्य के मुकाबले दो गोलों से विजयी दिला दी। बाद के समय में किसी तरह का कोई गोल नहीं हो सका। अन्ततः सरसा की बालिका टीम चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

## मातम

## अपार्टमेंट के हौदा में गिरी मासूम

# हुई दर्दनाक मौत, बचाने में मां भी घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के श्री रामकृष्ण एनक्लेव अपार्टमेंट में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। कार वास के लिए बनाए गए हौदा में डूबने की वजह से एक आठ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। बच्ची को बचाने के प्रयास में उसकी मां भी घायल हुई है।

### बिना पुलिस को जानकारी दिए शव ले गए बोकारो

बच्ची की मौत के बाद उसके परिजन रिम्स में न ही बच्ची का पोस्टमार्टम करवाया और न ही बरियातू पुलिस को मामले की जानकारी दी। आनन-फानन में वे लोग बच्ची के शव को लेकर बोकारो चले गए। पुलिस को भी मामले की जानकारी शनिवार को हुई है जिसके बाद मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### क्या है पूरा मामला

रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित रामकृष्ण अपार्टमेंट में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर पीके सिंह की 8 वर्षीय मासूम बेटी की मौत कार वाशिंग के लिए बनाए गए हौदे में डूबने से हो गई। राम कृष्ण अपार्टमेंट के सेक्रेटरी आरएन झा ने बताया कि फ्लैट नंबर 302 में रहने वाले पीके सिंह की 8 वर्षीय बच्ची अपार्टमेंट के पिछले वाले हिस्से में साइकिल चला रही थी। जिस स्थान पर बच्ची साइकिल चला रही थी वहां काफी ढलान था ,बच्ची जब ढलान से नीचे आने लगी तो ब्रेक नहीं ले पाई और तेज गति से वाशिंग हौदा के दीवार से जा टकराई और हौदा के अंदर गिर गई। बच्चे की मां भी कुछ ही दूरी पर खड़ी थी यह देखकर वह दौड़े-दौड़े आई और अपनी बेटी को बचाने के लिए वह भी हौदे के अंदर कूद गई। लेकिन वह भी डूबने लगी शोर मचाने पर अपार्टमेंट के गार्ड और कुछ दूसरे लोग आनन फानन में मौके पर पहुंचे और सबसे पहले महिला को बाहर निकाला उसके बाद बच्ची को। अपार्टमेंट के अध्यक्ष आरएन झा ही बच्ची को भागे भागे लेकर रिम्स अस्पताल गए लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची के डूबने की वारदात गुरुवार की देर रात की ही है इसके बावजूद मामले की जानकारी किसी को नहीं दी गई।

### बोकारो का है परिवार

सॉफ्टवेयर इंजीनियर पीके सिंह बोकारो के फुसरो के रहने वाले हैं। वे राम कृष्ण अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 302 में बतौर किराएदार रहते हैं। अपार्टमेंट के लोगों ने बताया कि 3 महीने पूर्व ही वह किरायेदार के रूप में अपार्टमेंट बनाने आए थे। अपार्टमेंट के लोगों से मिला कोई खास परिचय नहीं था इसलिए वे लोग बच्ची का नाम तक नहीं जानते हैं। अपार्टमेंट के लोगों का कहना है कि जिस हौदे में डूबने से बच्ची की जान गई है वह एक हादसा है ,क्योंकि हौदा के चारो तरफ तीन फीट का घेरा बनाया गया , लेकिन बच्ची इतने तेज गति से साइकिल पर बैठे बैठे बाउंड्री से टकराई की उछलकर हौदा में जा गिरी।

### परिजनों से होगी पूछताछ

राम कृष्ण अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 302 बोकारो के ही रहने वाले सुमन मिश्रा का है। तीन महीने पूर्व ही उन्होंने बोकारो के फुसरो के रहने वाले पीके सिंह को अपना फ्लैट किराए पर दिया था। पीके सिंह अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ 302 नंबर फ्लैट में रह रहे थे। बरियातू पुलिस मामले को लेकर जल्दी बच्ची के परिजनों से पूछताछ भी करेगी ताकि मामला और साफ हो सके।

## योगा प्रतियोगिता में मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल के विद्यार्थी बने विजेता

**रांची।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) के रांची जोन योगा कंपटीशन का आयोजन श्याम लोंग के कार्मेल स्कूल में शनिवार को किया गया। इसमें रांची के सभी आईसीएसई बोर्ड के अंतर्गत आने वाले स्कूलों ने भाग लिया। मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में आयोजित योग प्रतियोगिता में 21 मेडल जीता। साथ ही विद्यालय महिला और पुरुष दोनों वर्ग में विजेता रहा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडीडी नायडू ने सीआईएससीई कॉउंसिल को योग को विषय के रूप में शामिल करने पर धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही साथ बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी स्कूल को निवेदन किया कि अपने विषय में योग को जरूर शामिल करें। क्योंकि, योग बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। योग शिक्षिका राफिया नाज ने कहा कि यह परिणाम बच्चों के मेहनत का नतीजा है। जो विजेता रहे उनको बहुत बधाई और जो विजेता नहीं रह पाए उनको भी बधाई। क्योंकि, उन्हें बेहतर करने का एक मौका मिला है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–विनोद उराँव, उम्र–26 वर्ष, रंग–साँवला,
ऊँचाई – 4 फीट, 8 ईंच,
पहनावा–सफेद शर्ट और काला रंग का जिन्स पहने हुए है।

उपरोक्त लापता पुरूष विनोद उराँव पे0–भवानी उराँव सा0–कंजीय मरई टोली थाना–मांडर जिला–राँची जो दिनांक–02.07.23 को धनबाद से अपने घर मांड़र आने वाले थे लेकिन आज तक अपने घर वापस नही पहुँचे जिसके संबंध में माण्ड़र थाना सनहा सं0–28/23, दिनांक–06.07.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी राँची। –94317 42777
थाना प्रभारी, माण्ड़र राँची। –94317 06187

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 303052 (Police)23-24*D

## जनता को दिग्भ्रमित कर रही हेमंत सरकार : बालमुकुंद सहाय

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। राज्य सरकार के खाते में पिछले वर्षों के स्वीकृत आवास के पैसे पड़े हुए हैं लेकिन लगभग 75 हजार प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य लंबित है। पूरे प्रदेश में जिस प्रकार से बालू की तस्करी हो रही उससे सरकारी योजनाओं का निर्माण प्रभावित है। सहाय ने कहा कि जो राज्य केंद्र सरकार की योजनाओं को समयबद्ध पूरा कर रहे हैं वहां केंद्र सरकार अविलंब नई योजनाओं को स्वीकृति देती है। केंद्र सरकार ने कभी भी किसी राज्य को राशि उपलब्ध कराने में भेदभाव नहीं किया है। राज्य सरकार को बताना चाहिए कि उन्होंने जो अतिरिक्त राशि देकर आवास निर्माण की बात कही थी उसकी क्या स्थिति है। राज्य सरकार ने अपने योजना मद से कितने आवास का निर्माण कार्य पूरा किया।

### मणिपुर की हिंसा को लेकर आदिवासी महिला संगठनों ने निकाला मार्च

## मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मणिपुर की हिंसा और दो युवतियों के चीरहरण की घटना को लेकर जस्टिस फॉर मणिपुर सामूहिक दुष्कर्म, पीड़िता सर्ववाइवर के बैनर तले विभिन्न आदिवासी महिला संगठनों ने शनिवार को डंगराटोली चौक से पदयात्रा निकाला। अल्बर्ट एक्का चौक पर मणिपुर हिंसा में आदिवासी महिलाओं के साथ घृणित कार्य के विरोध में जोरदार प्रदर्शन और पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय महिला और बाल कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी व मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का पुतला दहन किया। महिलाओं ने कहा कि यह शर्मनाक घटना देश की आधी आबादी पर एक घातक प्रहार है। देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा एक धोखा साबित हुआ है। ह्यूमन एक्टिविस्ट तारामणी साहु ने कहा कि अमृतकाल और आजादी का अमृत महोत्सव के नाम पर बेटियों को सड़क



पर नंगा घुमा कर और खुलेआम उनका दुष्कर्म किया जा रहा है। ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाया जाए। महिला सुरक्षा के नाम पर हर रोज अत्याचार हो रहा है। समाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि मणिपुर के जलते वक्त प्रधानमंत्री का तीन महीनों की चुप्पी और विदेशी यात्रा, यह दशार्ता है कि अब देश चलाना, इनके बस की बात नहीं। प्रधानमंत्री इस कुर्सी के लायक नहीं है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इस बर्बरतापूर्ण मामले पर चुप रहना महिलाओं और आदिवासीयों के लिए और भी घातक साबित हो रहा है। मौके पर एलिना होरो, सुनीता लकड़ा, दयामनी बारला, लीना, तारामणि साहु, तमन्ना बेगम, नगमा , डॉ। किरण, शांति सेन, नन्दिता भट्टाचार्य, कुमकुम, लीना पदम, ज्योतिषा कल्लामकल, सुषमा बिरुली, अलोका कुजूर, वासवी किड़ो, दीपा, जोशना, सिंघी खलखो, मुक्ता मरांडी, मृणालिनी टेटे, स्वीटी केरकेट्टा समेत स्कूल कॉलेज के छात्र शामिल हुए।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सांसद संजय सेठ

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में लोकसभा क्षेत्र के ऐसे कलाकारों को मंच प्रदान किया गया, जो गुमनाम थे। ऐसे कलाकार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो अभी कला के क्षेत्र में संघर्ष कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांसद के इस आयोजन की सराहना की। वही सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को रांची लोकसभा क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों के संबंध में भी अवगत कराया। विशेष संपर्क अभियान के तहत रांची लोकसभा क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों की जानकारी उन्हें दी। उनसे मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रांची लोकसभा क्षेत्र सहित झारखंड के राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी ली है।

### राज्य में 1 अगस्त से शुरू होगा ईवीएम व वीवीपैट के एफएलसी का कार्यक्रम

## आयोग ने किया कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के क्रम में शनिवार को ईवीएमएवं वीवीपैट के फर्स्ट लेवल चेकिंग के संबंध मे राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, एफएलसी सुपरवाईजर एवं सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन श्री कृष्णा लोक प्रशासन संस्थान,रांची स्थित प्रेक्षागृह में किया गया । उक्त कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के सचिव श्री मधुसूदन गुप्ता द्वारा एश्ट एवं वीवीपैट के एफएलसी तथा उपयोग के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ,झारखंड द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को एफएलसी कार्य के महत्व एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसे



संपन्न कराने हेतु निर्धारित मानकों के संदर्भ में अवगत कराया गया । सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को एफएलसी के कार्यक्रम की सूचना जिलास्तर एवं राज्यस्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एव स्टेट पार्टीज को ससमय उपलब्ध कराने एव एफएलसी के दौरान उनकी उपस्थिति हेतु अनुरोध करने का निदेश दिया गया। कार्यशाला में ईसीआईएल के प्रतिनिधि श्री कृष्णा त्रिपाठी एवं उनके दल के अन्य सदस्यों द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट की तकनीकी विशिष्टियों एवं एफएलसी कार्य के पूर्व तथा कार्य के दौरान उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में एनएलएमटी राजेश रंजन वर्मा द्वारा टेक्निकल एवं एडमिनिस्टेटिव सेफगार्ड ऑन ईवीएम के संदर्भ में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। राज्य के ईवीएम नोडल पदाधिकारी गीता चौबे द्वारा एफएलसी की तैयारी, प्रक्रिया एवं चरण के संदर्भ मे जानकारी दी गई।

## मणिपुर की घटना पर बोलने वाले बंगाल की घटना पर भी मुंह खोलें : आरती कुजूर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर ने राज्य के सत्ताधारी गठबंधन दलों पर कड़ा प्रहार किया। आरती ने कहा कि मणिपुर की घटना न सिर्फ मणिपुर के लिए बल्कि किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है,सच में घटना का वीडियो देख मन बहुत अक्रोशित हो गया है। देश के प्रधानमंत्री ने घटना में शामिल आरोपियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य की बहन बेटियां , उनके माता पिता मुख्यमंत्री से जानना चाहते है कि राज्य में 5500 से अधिक हुए बलात्कार, महिला उत्पीड़न, हत्या का जिम्मेवार कौन है? उन्होंने कहा कि मैं उन सभी नेताओं और



राजनीतिक पार्टी से पूछना चाहती हूं केवल मणिपुर की घटना पर ही आप बोलोगे, इसलिए कि वहां बीजेपी की सरकार है। झारखंड की बेटी रूपा तिर्की की हत्या पर, दुमका की अंकिता पर, नाला की बेटी पर, चतरा की बेटी पर एसिड अटैक पर, रुबिका हत्याकांड पर

**राज्य की बहन बेटियां , उनके माता पिता मुख्यमंत्री से जानना चाहते है कि राज्य में 5500 से अधिक हुए बलात्कार, महिला उत्पीड़न, हत्या का जिम्मेवार कौन है? इसका जवाब कौन देगा**

,जिसमें एक बेटी की बेरहमी से बलात्कार करके हत्या कर दी जाती है और शव को कई टुकड़ों काट दिया जाता है, रांची की संध्या टोपनो की ड्यूटी के दौरान कुचलकर हत्या कर दी जाती है, बंगाल में विधानसभा चुनाव और अभी हाल के दिन में हुए पंचायत चुनाव में आम लोगों की हत्या की जाती है, बहन बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या की जाती है, एफआईआर तक दर्ज नहीं किया जाता उल्टे पीड़ितों को ही प्रशासन के द्वारा धमकी दिया जाता है,तब आप सब कहां चले जाते हैं,चुप क्यों हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति करने वालों से कहना चाहेंगे कि चाहे आप कितना भी राजनीति कर लो किंतु मां बहनों के साथ हुए बर्बरता पर भेदभाव न करें। जहां तक घटना का सवाल है इस तरह की घटना किसी भी राज्य में होता है तो सराहनीय नहीं है। उसे किसी भी रूप में माफ नहीं करनी चाहिए। अगर अपराधियों को छुट दे दी गई तो उनका मन और भी बढ़ जायेगा वह अपराध के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

## पारस हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

**रांची।** एचईसी स्थित पारस हॉस्पिटल में शनिवार को बेबी शावर (गोद भराई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाएं एवं नवजात को जन्म देने वाली महिलाओं ने शिरकत की। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम बांका ने कहा कि नवजात एवं उनके माता-पिता के लिए खास आयोजन किया गया है। प्रसव से पूर्व गर्भवती महिलाओं को सभी बड़ों का आशीर्वाद एवं बधाई देने की परंपरा है। उसी का निर्वहन पारस अस्पताल ने किया है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए सात-आठ महीने का समय काफी मुश्किल भरा होता है।

## जिला मारवाड़ी सम्मेलन सदर अस्पताल में करेगा पौधारोपण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा मेन रोड स्थित रांची सदर अस्पताल में 24 जुलाई, दिन सोमवार को सुबह 10:30 बजे से पौधारोपण किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम मे कई पौधों मे चंदन, रंगन, कनेल, नींबू, कचनार, मीठा नीम, आंवला, गुलमोहर, चंपा, रातरानी सहित दर्जनों फलदार, छायादार, फूलों एवं अन्य कई प्रकार के पौधा



का पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनिल कुमार खेतान वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। तथा रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु किशन अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का निर्णय सराहनीय : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को क्षेत्रीय, स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भाषाई विविधता, सांस्कृतिक समझ और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में बहुभाषी शिक्षा का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण में व्यापक रूप से मान्यता प्रदान करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा, स्थानीय भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के निर्णय का स्वागत। मरांडी ने कहा कि नई शिक्षा नीति से स्थानीय, क्षेत्रीय भाषाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा।

## मैदान कर्बला में झूठ और सच की जंग थी : मौलाना तहजीबुल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोई भी इंसान एक दूसरे इंसान से नफरत नहीं करता। बल्कि उस इंसान में पाई जाने वाली बुरी आदत व बुरे काम से नफरत करता है। इस बुराई में सबसे बड़ी बुराई का नाम है झूठ। मैदान ए कर्बला में दो शाहजादो की जंग नहीं थी। बल्कि सच और झूठ की जंग थी। उक्त बातें झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफरीया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने कही। वह शनिवार को मस्जिद जाफरिया में शहीदाने करबला की तीसरी मजलिस को



संबोधित कर रहे थे। मस्जिद जाफरिया में दस दिवसीय एक मोहर्रम से लेकर 10 मोहर्रम तक मजलिस शाहिदान ए कर्बला का आयोजन अंजुमन जाफरिया द्वारा किया गया है। मौलाना तहजिबुल हसन रिजवी ने आगे कहा के एक तरफ झूठ लाव लश्कर और पूरे तामझाम के साथ मजहब इस्लाम को दागदार करना चाहता था। उसे बचाने के लिए पैगंबरे इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने झूठ का मुकाबला अपने चंद सच्चों के लेकर किया। आखिरकार कर्बला में सच की जीत हुई और झूठ की हार। कर्बला के जंग से दुनिया को यह सीख लेनी चाहिए के झूठ जितने भी ताकतवर हो उन्हें एक ना एक दिन सच के सामने झुकना पड़ेगा। यजीद और यजीदियत का बेड़ा इमामे हुसैन ने सच्चाई के बल पर डुबोया। आज दुनिया के किसी कोने में भी यजीद का हिमायती नहीं मिलता।

### मांग | मुख्यमंत्री से नागपुरी फिल्म 'नासूर' के कलाकरों ने की मुलाकात

## समस्याओं के निदान का मिला आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नागपुरी फिल्म 'नासूर' के निदेशक राजीव सिन्हा, अभिनेता विवेक नायक, अभिनेत्री शिवानी गुप्ता एवं साउंड डिजाइनर मनोज कुमार प्रेमी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के समक्ष नागपुरी फिल्म के निर्माता एवं निदेशक राजीव सिन्हा एवं अन्य कलाकारों ने झारखंड में फिल्म निर्माण से संबंधित संभावनाओं और समस्याओं के संबंध में अपनी बातें रखीं। मौके पर नागपुरी फिल्म 'नासूर' की टीम ने मुख्यमंत्री को नागपुरी फिल्म 'नासूर' की पटकथा के संबंध में जानकारी दी कि नासूर फिल्म डायन-बिसाही पर आधारित एक नागपुरी फीचर फिल्म है। वर्तमान समय में भी झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में डायन-बिसाही के नाम पर निर्दोष महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है। कभी-कभी उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह समस्या नासूर की तरह आज



भी जिंदा है। अखबारों में आए दिन इस प्रकार की खबरें भी प्रकाशित होती रहती हैं। नागपुरी फिल्म नासूर उपरोक्त समस्या को ही उजागर करती है। नासूर फिल्म समाज को जागरूक करने वाली एवं प्रेरणादायी फिल्म है। फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि इस फिल्म का निर्माण झारखंड के ही कलाकारों एवं टेक्नीशियन को लेकर बेहद ही सीमित संसाधनों में किया गया है। बहुत मशक्कत के बाद यह फिल्म रांची के जेडी सिनेमा हॉल में लगाई गई और लगातार 3 सप्ताह तक चली। इस फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा, बेहद पसंद किया और अपना प्यार भी दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में झारखंड के अन्य जिलों में सिनेमा हॉल काफी संख्या में बंद हो चुके हैं जिसकी वजह से इस फिल्म का प्रदर्शन संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था करने का अनुरोध किया जिससे इस फिल्म का प्रदर्शन झारखंड के गांव-गांव तक हो सके तथा समाज में व्याप्त डायन-बिसाही जैसी कुरीति से समाज को जागरुक किया जा सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नागपुरी फिल्म 'नासूर' की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं तथा इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से यथोचित मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सांसद' विजय हांसदा भी उपस्थित थे।

डेंगू रोधी माह
(जुलाई 2023)




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है

याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आस पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

**क्या करें**
- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

**क्या नहीं करें**
- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नही होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें।
- शरीर को पूरी तरह न ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। 104

PR No. 302954 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

# मांगों के लिए हड़ताल पर रहे अस्पतालों के आउटसोर्सिंग कर्मी, मची हलचल

## तीन घंटे के बाद हुआ समझौता, काम पर लौटे हड़ताली कर्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** न्यूनतम मजदूरी सहित 5 सूत्री मांग को लेकर 22 जुलाई को जिलेभर के अस्पतालों में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मियों ने हड़ताल की घोषणा कर दी. इस खबर से चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की सांसें फूलने लगी और आनन-फानन में कर्मियों से समझौता वार्ता कर हड़ताल खत्म करायी गई. इस दौरान तीन घंटे तक अस्पतालों के काम पर असर पड़ा. आंदोलन में जिलेभर के एएनएम, जीएनएम, फार्मासिस्ट सहित सफाई कर्मी शामिल थे. आंदोलन के 1 घंटे बाद कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने धरना स्थल पर आउटसोर्सिंग कंपनी के सुपरवाइजर गौरव राय को तलब किया. उनके समक्ष आउटसोर्सिंग कर्मियों ने शिकायत की झड़ी लगा दी. कर्मियों ने कहा कि कई प्रकार से शोषण किया जा रहा है. निर्धारित मानदेय से कम भुगतान, बीएफ का नहीं काटा जाना, कई कर्मियों को पीएफ नंबर का आवंटन नहीं किया जाना, ऐसे कई मामले हैं, जिसका पालन नहीं किया जाता. सुपरवाइजर से वार्ता के बाद श्री सिंह के नेतृत्व में सिविल सर्जन डॉ एस पी मिश्रा से वार्ता की गई. श्री सिंह ने सीएस को बताया कि कई कर्मियों का पीएफ काटा गया पर उसे जमा नहीं किया गया. श्रम विभाग की ओर से निर्धारित किया गया मानदेय नहीं दिया जा रहा है. इसके बाद बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर गौरव राय से कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, अशोक सिंह नयन व रघुनंदन विश्वकर्मा के बीच वार्ता हुई इसके बाद आंदोलन को समाप्त कर दिया गया. कर्मचारी संघ नेताओं व सिविल सर्जन के बीच हुई वार्ता में श्रम विभाग की ओर से निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भुगतान की गारंटी दी गई. कहा गया कि अब हर माह की 15 तारीख तक हर हाल में मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा. तय किया गया कि ओटी, एलटी और एएनएम को 10,500 के साथ पीएफ राशि जमा की जाएगी. जीएनएम और कंप्यूटर ऑपरेटर को 12,500, एमएसडब्ल्यू को 8000, जबकि स्वीपर को 7750 रुपये के साथ पीएफ दिया जाएगा. वार्ता में तय किया गया कि हर माह की 15 तारीख को हर हाल में कर्मियों का भुगतान कर दिया जाएगा. संघ ने इस बात पर एतराज जताया कि कंपनी के सुपरवाइजर शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने पर हटाने की धमकी देते हैं. तय किया गया कि प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी की रिपोर्ट के बाद उस पर एक्शन लेने का अधिकार सिविल सर्जन को होगा. कंपनी के सुपरवाइजर कर्मियों को हटा नहीं सकते हैं. प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी की सिफारिश पर सीएस की मुहर के बाद ही कर्मियों पर कोई कार्रवाई की जाएगी.

# पद्मश्री जमुना टुडू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से चाकुलिया में एयरपोर्ट बनाने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पद्मश्री जमुना टुडू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की. उन्होंने राष्ट्रपति को 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चाकुलिया आने का निमंत्रण दिया. जमुना टुडू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बताया कि जो महिलाएं जंगल बचाने में लगी हैं, उन्हें सरकार की ओर से मानदेय नहीं मिलता है. अगर इन्हें मानदेय मिले तो और भी उत्साह से वनों की रक्षा करेंगी. चाकुलिया और बहरागोड़ा में इन दिनों हाथियों का उपद्रव बढ़ गया है. हाथी के हमले से कई जानें गई हैं. सरकार की ओर से मृतक के आश्रित को 4 लाख मुआवजा मिलता है. इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपया किया जाए. फसल और घर नष्ट करने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 7 दिनों के अंदर क्षति पूर्ति की राशि देने का प्रावधान किया जाए. जमुना टुडू ने राष्ट्रपति को बताया कि धालभूमगढ़ में हाथी कॉरिडोर होने के कारण एयरपोर्ट का निर्माण नहीं हो रहा है. ऐसे में चाकुलिया में एयरपोर्ट का निर्माण संभव हो सकता है. क्योंकि चाकुलिया में 600 एकड़ जमीन उपलब्ध है. इन मसलों को लेकर उन्होंने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी सौंपा. जमुना टुडू ने बताया कि राष्ट्रपति ने उन्हें इन मांगों के संदर्भ में उचित पहल करने का आश्वासन दिया है.

## बरजो पंचायत सचिवालय में हुई विकास कार्यों की समीक्षा

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड के बरजो पंचायत सचिवालय में बैठक कर पंचायत में चल रही सभी योजनाओं की समीक्षा की गई. मौके पर मुखिया सुभाष यादव, पंचायत सचिव पूजा कुमारी व दशरथ यादव, राजस्व कर्मचारी लखन मिस्त्री, राजेश पांडे, विद्यालयों के अध्यक्ष व सचिव, आंगनवाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य, जल सहिया, स्वयंसेवक आदि उपस्थित हुए. मौके पर विभागों से संबंधित शिकायतें सचिवालय में रखी गई. मध्य विद्यालय बरजो में एक और शौचालय बनाने की मांग की गई. उत्क्रमित मध्य विद्यालय झाड़ा में 246 छात्र-छात्रा हैं लेकिन शौचालय नहीं है. उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनगडगी में 137 विद्यार्थी हैं. उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंगड़ी में चहारदिवारी व शौचालय की मांग की गई. पंचायत में खराब चापाकल पर मुखिया ने बताया कि शिकायत के 15 दिन के बाद चापाकल बना दिया जाएगा.

## गोसेवक संघ ने गरीबों को कराया भोजन

**धनबाद।** श्री श्री रानी सती दादी मंदिर कतरास का साप्ताहिक कार्यक्रम दादी की रसोई की सेवा शनिवार 22 जुलाई को गोसेवक संघ कतरास की ओर से की गई. इस मौके पर दादीजी को भोग लगाने के पश्चात गोसेवकों और मंदिर कमिटी के सदस्यों ने सैकड़ों जरूरतमंदों को भोजन कराया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से दादी मंदिर के सचिव राजेश केडिया, दीपक अग्रवाल, मनीष गोयल, भगवती सोनी, राजेश चोखनी, अनिल केडिया आदि उपस्थित थे.

## सांसद ने लगाया जनता दरबार

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड रोड स्थित सांसद कार्यालय में शनिवार को सांसद विद्युत वरण महतो ने जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना. बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए कई ग्रामीणों के कार्यों का निष्पादन किया. ग्रामीणों ने सड़क, स्वच्छता एवं पेयजल, स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा तथा प्रधानमंत्री आवास जैसी कई समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा. सांसद ने विभागीय अधिकारी से वार्ता कर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया. उन्होंने अपने स्तर से किए गए कार्यों की समीक्षा की. सांसद के इस जनता दरबार से क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह देखा गया. इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टि, जोत्सनामयी बेरा, परमेश्वर हेंब्रम, चुनु माहाली, संजय प्रहराज, तपन पैड़ा समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## नरेश प्रसाद सिन्हा बने टेल्को के नए थाना प्रभारी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को थाना प्रभारी रणविजय शर्मा को शुक्रवार को लाइन क्लोज कर दिया गया है. एसएसपी प्रभात कुमार ने उन्हें गोलमुरी पुलिस लाइन में योगदान देने को कहा है. उनकी जगह सीपू प्रभारी नरेश प्रसाद सिन्हा को टेल्को का नया थाना प्रभारी बनाया गया है. नरेश प्रसाद सिन्हा पूर्व में सोनारी और आजादनगर के भी थाना प्रभारी रह चुके है. इसे लेकर एसएसपी ने सर्कुलर जारी कर दिया है.

## एक अगस्त से हड़ताल पर जाएंगे जविप्र. डीलर

गिरिडीह। जन वितरण प्रणाली संघ की ओर से गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप राम को ज्ञापन देकर बताया कि गावां के सभी 103 जविप्र डीलर एक अगस्त से हड़ताल करेंगे. कहा गया है कि झारखंड डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है. जविप्र डीलर संघ के अध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि जविप्र डीलर की मृत्यु पर पूर्व की भांति अनुकंपा का लाभ देने, बकाया कमीशन का भुगतान करने, प्रति किलो राशन पर कमीशन बढाकर तीन रुपये करने, डीलरों को हर माह तीस हजार रुपये मानदेय देने समेत 10 सूत्री मांग को लेकर सभी डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे. इधर डीलरों के हड़ताल पर जाने के निर्णय से अगस्त महीने का राशन वितरण बाधित होने की संभावना बन गई है. ज्ञापन सौंपने के समय मौके पर बृजनन्दन साव, अजय कुमार, बृजनन्दन पांडेय आदि थे.

# स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड प्रांत ईकाई के 23 वें स्थापना दिवस पर 8 दिवसीय जनसेवा कार्यक्रम के तहत मायुमं एवं एएसजी आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 22 जुलाई को निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया. पुराना बाजार स्थित मारवाड़ी युवा मंच स्थानीय कार्यालय मंच भवन के शिविर में सुबह 11 बजे से संध्या 3 बजे तक नेत्र रोग से ग्रसित 102 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई. मारवाड़ी युवा मंच के शाखा अध्यक्ष सुनील सोनी ने कहा कि झारखंड प्रांत के स्थापना दिवस के उपलक्ष में संस्था की ओर से प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर में एएसजी आई हॉस्पिटल के विशेष टीम ने मरीजों की आंख की जांच की. शिविर में 102 मरीजों ने जांच कराई। मारवाड़ी युवा मंच कोल सिटी शाखा एवं फोर्टिस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बैंकमोड़ स्थित अंबे विला अपार्टमेंट में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया. कोल सिटी शाखा के अध्यक्ष राजेश केजरीवाल ने कहा कि पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में आयोजित आठ दिवसीय कार्यक्रम का आज अंतिम दिन है. निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में कोल सिटी शाखा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है.

## टुंडी में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत खुला प्रशिक्षण केंद्र

**धनबाद।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत शनिवार 22 जुलाई को विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने टुंडी बाजार में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षु मौजूद थे.विधायक ने प्रशिक्षुओं से कहा कि यह सरकार की रोजगारोन्मुखी योजना है. इस योजना के तहत प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को प्रति माह एक हजार रुपये मिलेंगे. प्रशिक्षण के तुरंत बाद सफल प्रशिक्षणार्थी को रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा. उन्होंने योजना की विशेषता का उल्लेख करते हुए कहा कि तीन माह के अंदर रोजगार उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में अधिकतम एक वर्ष तक एक हजार रुपये और युवती तथा दिव्यांग को एक हजार पांच सौ रुपया डीबिटी के जरिये दिये जाएंगे. प्रशिक्षण प्राप्त करनेवालों को निः शुल्क यूनिफार्म, बैग, पेन, कॉपी, प्रशिक्षण पुस्तिका के अलावा पहचान पत्र दिया जाएगा. उद्घाटन समारोह में जिला कौशल पदाधिकारी आशीष कुमार, रविंद्र नाथ पंडित, धर्मेंद्र सिंह, प्रशिक्षक आरती देवी, सोनी विश्वकर्मा, सेंटर मैनेजर टार्जन गोप, काउंसलर पल्लवी सिंह, फूलचंद किस्कू आदि उपस्थित थे।

# हर घर जल नल योजना में भारी अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड अंतर्गत डोकीडीह पंचायत के ग्राम रकस्कूटो में हर घर जल नल योजना में भारी अनियमितता की शिकायतें मिल रही हैं. इसी मामले में 22 जुलाई को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शित करते हुए काम को रोक दिया. मौके पर ग्रामीणों ने पीएचईडी के जेई से जांच करने की मांग की. दूसरी ओर काम रोके जाने की सूचना पर पीएचईडी के जेई बबलू हांसदा निर्माण स्थल पर पहुंचे. उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कर संवेदक को कड़ा निर्देश दिया. कहा कि नया बोरिंग कराकर योजना को जल्द चालू करें. बता दें कि डोकीडीह पंचायत के रकासकुट्टों गांव में करीब 25 वर्ष पहले चापाकल की बोरिंग हुई थी. यह बोरिंग धंसने के कगार पर है. लेकिन संवेदक की मनमानी से 25 वर्ष पहले की बोरिंग में हर घर जल नल योजना का पाइप लगाया जा रहा है. बताते चलें कि जहां ग्रामीणों की ओर से विरोध किया जाता है वहां काम को सुधार दिया जाता है. गौरतलब है कि गांडेय प्रखंड अंतर्गत 26 पंचायतों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने में लगभग डेढ़ अरब की लागत आएगी. यह केंद्र सरकार की योजना है. लेकिन सवेदकों के साथ संबंधित विभाग की मिलीभगत से घोर अनियमत्ता बरती जा रही है. मौके पर उपस्थित ग्रामीण दुर्गा मंडल, सहदेव मंडल, कुंजबिहारी मंडल, प्रकाश मंडल आदि ग्रामीण मौजूद थे.

## भाजयुमो ने निकाली मोटरसाइकिल रैली



**धनबाद।** महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा ने 22 जुलाई शनिवार को मोटरसाइकिल रैली निकाली. नेतृत्व प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन ने किया. रैली धनबाद के रणधीर बर्मा चौक से निकली व बैंक मोड़ स्थित जेपी चौक तक गई. रैली में धनबाद के विधायक राज सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, हरि प्रकाश लाटा, पूर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट, रमेश राही, कमलेश सिंह, संजय झा, मानस प्रसून, मिल्टन पार्थ सार्थी सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल थे. रैली में शामिल सभी नेता व कार्यकताओं ने हर चौराहे पर महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व जनसंपर्क किया. लोगों को प्रधानमंत्री के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से संबंधित हैंड बिल दिया. इसके अलावा 9090902024 पर सभी से मिस कॉल भी कराया. विधायक राज सिन्हा व प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन ने कहा कि 2024 में प्रचंड जीत से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे. उनके कार्यकाल में जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरी, जिससे देश के प्रयः सभी व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनहित के साथ राष्ट्र हित में भी अनेक कार्य किया व विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है.

# बरसात से गिरा कच्चा घर, पीड़ित ने प्रशासन से मांगा मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के उपरैली कहुवाई में बरसात के दौरान कच्चे मकान की छत गिरने से मकान में रखा घरेलू सामान नष्ट हो गया. पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से मुआवजा की मांग की हैं. बताया जाता है कि उपरैली कहुवाई निवासी तुलिया देवी, पति अनिल साव अपने परिवार के साथ कच्चा मकान में रहते हैं. पिछले सप्ताह बारिस से अचानक कच्चे मकान की छत भरभरा कर नीचे गिर गई. गनीमत यह रही कि उस समय परिवार मकान के अंदर नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था. मकान की छत गिरने से घर में रखा घरेलू सामान नष्ट हो गया. पीड़ित ने उपायुक्त को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है. उन्होंने बताया कि अभी पूरा बरसात बाकी है. पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसे अंबेडकर आवास दिया जाए, ताकि उसका परिवार गुजर बसर कर सकें.

# रंगेहाथ पकड़ा गया मोबाइल चोर, हुई धुनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र में शनिवार 22 जुलाई को स्टील गेट स्थित सब्जी मंडी में ग्राहक का मोबाइल चोरी करते एक युवक को दुकानदारों ने रंगेहाथों पकड़ लिया. दुकानदारों ने चोर की जमकर धुनाई कर दी. पकड़े गये युवक ने अपना नाम विशाल मोदी बताया. बताया कि वो बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा के पास का रहने वाला है. उसने कहा कि वो सब्जी लेने आया था. इसी दौरान लोगों ने उसे मोबाइल चोर समझकर पकड़ लिया. वहीं स्थानीय सब्जी विक्रेता सुनील उरांव ओर पप्पू महतो ने बताया कि युवक को मोबाइल चोरी करते हुए पकड़ा गया है. व्यक्ति का मोबाइल मिल गया, उसके बाद उसे छोड़ दिया गया. भीड़ में शामिल एक ग्राहक ने बताया कि दो दिन पहले सब्जी खरीदने के दौरान इसका भी कीमती मोबाइल चोरी हो गया है. सब्जी विक्रेता ने बताया कि हर सप्ताह सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी की दर्जनों घटनाएं हो रही है. 9 अप्रैल को भी स्टील गेट सब्जी मंडी से सुबह-सुबह ही दो युवकों को मोबाइल चोरी करते रंगेहाथों पकड़ा गया था. ज्यादातर मोबाइल चोरी की घटनाएं सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में होती हैं. यहां मंडरा रहे रहे मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य घटना को अंजाम देने के बाद भीड़ का फायदा उठाकर बच निकलते हैं.

## अंतरराज्यीय संगठित गिरोह के सरगना शिवशंकर के घर पर चला पुलिस का बुलडोजर



**चाईबासा।** अंतरराज्यीय संगठित गिरोह के सरगना शिवशंकर जोको उर्फ पडेया के घर को पुलिस ने बुलडोजर से तोड़कर जमींदोज कर दिया. शिवशंकर का घर पश्चिमी सिंहभूम जिले के तांतनगर ओपी क्षेत्र के इलिगाड़ा गांव में है. आरोपी ओड़िशा और झारखंड में करीब 19 संगीन मामले का आरोपी है. पश्चिमी सिंहभूम में पहली बार किसी अपराधी के घर को तोड़ा गया है. मांझारी थाना के तांतनगर ओपी में 18 जनवरी 2022 को धारा 392 भादवि के तहत मामला दर्ज था. जिसमें भूषण फाइनेंस के एजेंट से 1.52 लाख रुपए तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा लूटने का मामला दर्ज था. अनुसंधान में शिवशंकर जोको उर्फ पडेया, हरीश गोप, नितेश चतबा का नाम था. इस मामले में हरीश एवं नितेश जेल में हैं. घटना के बाद से आरोपी शिवशंकर जोको उर्फ पडेया सपरिवार फरार चल रहा है. इस घटना के अलावा टोंटो, नोवामुंडी, जागनाथपुर, बड़ाजामदा, मांझारी, रायरंगपुर शहरी एवं मुफ्फसिल (देहात) थाना जाशीपुर के अलावा कई थाना में उसके खिलाफ लूट, डकैती, चोरी और हत्या के मामले दर्ज हैं.

**बैठक**

## अग्रसेन भवन में जनसुनवाई और एनवायरमेंट कार्यक्रम का आयोजन

# जनसुनवाई में ग्रामीणों ने योजना को दी स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा शनिवार 22 जुलाई को अग्रसेन भवन में जनसुनवाई एवं एनवायरमेंट क्लीयरेंस को संबोधित करते हुए एडीएम (विधि -व्यवस्था) कमल कांत गुप्ता ने कहा कि उद्योग लगने से क्षेत्र का विकास होता है और सीएसआर के तहत आसपास के क्षेत्रों का विकास एवं स्थानीय मजदूरों को रोजगार देना उद्योग प्रबंधन का कर्तव्य बनता है. उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में ग्रामीणों ने जो मांग की है, उसकी पूर्ति प्रबंधन करेगा. मंड़रो स्टोन माइंस की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर प्रतिवर्ष 1.74 करोड़ टन तथा 3. 20 एकड़ एरिया को लेकर आयोजित जनसुनवाई में आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया. अधिकारियों ने ग्रामीणों से सुझाव मांगा. ग्रामीणों ने कई सुझाव दिए. प्रोजेक्ट संचालक असीत मंडल ने कहा कि प्रबंधन आसपास के लोगों को नियोजन देगा. सड़कें दुरुस्त की जाएंगी व धूल से बचने के लिए जल छिड़काव किया जाएगा. खराब चापाकलों को दुरुस्त किया जाएगा तथा नए चापाकल लगाए जाएंगे. चिकित्सा शिविर व विद्यालयों में कंप्यूटर लगाए जाएंगे. उन्होंने कहा कि अभी 800 पौधे लगाए जा चुके हैं और 12 सौ पौधे लगाए जाएंगे. इसके बाद सर्वसम्मति से योजना की स्वीकृति दी गई. मौके पर सीओ रामजी वर्मा, प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्रीय पदाधिकारी रामप्रवेश कुमार, जिला उद्योग केंद्र के जीएम राजेंद्र प्रसाद , साथी प्लानर्स लिमिटेड के कार्यपालक कुमार मणि भूषण, मुखिया गयासुद्दीन अंसारी एवं बाबू राम हेंब्रम, जिप प्रतिनिधि एजाज अहमद, जगदीश सिंह, विश्वजीत मंडल, माथुर अंसारी, प्रसून हेंब्रम समेत क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे.

# हजारीबाग जिले में चार अवैध क्रशर किये जायेंगे ध्वस्त : डीसी

## बालू खनन-परिवहन की रोकथाम के लिए सीमावर्ती इलाकों में लगेगा चेक नाका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चार जगहों पर अवैध रूप से संचालित क्रशर ध्वस्त किये जायेंगे. जिला प्रशासन ने चार स्थलों सदर के मेरू, दारू के झुमरा, इचाक के बोंगा और विष्णुगढ़ के नरकी में संचालित क्रशर को चिह्नित किया है. इस मामले में डीसी नैंसी सहाय ने जल्द कार्रवाई का निर्देश दिया है. इसके अलावा अवैध बालू खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थलों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक नाका लगाया जायेगा. जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक में बालू, पत्थर और कोयला के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम पर समीक्षा की गयी थी. इसी बैठक में इन चारों स्थलों पर अवैध रूप से क्रशर संचालित होने से क्षेत्रों में प्रदूषण व अन्य तरह की शिकायतें मिली थी. जिस पर डीसी ने जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स को कार्रवाई करने का निर्देश दिया.अवैध बालू खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थलों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में सीओ और थाना प्रभारियों को अस्थाई चेक नाका स्थापित करने का निर्देश दिया गया है. साथ ही डीसी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों और संबंधित सीओ को समन्वय बनाकर अवैधकताओं पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 22 जुलाई को अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता चार सदनों के बीच में आयोजित हुई । साहेबजादा अजीत सिंह, साहेबजादा जुझार सिंह, साहेबजादा जोरावर सिंह और साहेबजादा फतेहसिंह सदन के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता कक्षा 1और 2 के बच्चों के बीच आयोजित हुई. जिसमें जोरावर सिंह हाउस प्रथम, द्वितीय अजीत सिंह हाउस व फतेह सिंह हाउस और तृतीय जुझार सिंह हाउस रहा । प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया । प्राचार्य हरजाप सिंह ज ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## नल जल योजना के लाभ से वंचित हैं झुरझुरी गांव

# पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण

**रामकृष्ण पांडेय**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुरझुरी के सक्रेज स्थित हरिजन टोला के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। कारण लोगों को नल से जल नहीं मिल पा रहा है। जानकारी हो की ग्राम सक्रेज के हरिजन टोला में पेयजल आपूर्ति का साधन एकमात्र कुंआ है, जो अप्रैल महीने में ही भीषण गर्मी के कारण सूखा पड़ा है ।वहीं एक सरकारी चापाकल है, जो महीनों से खराब पड़ा है लेकिन आज तक इस गांव के गहरे जल संकट पर किसी का नजर नहीं पड़ा। ग्रामीणों का कहना है की हम सब ग्रामीण वासी एक- एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ऐसे परिस्थितियों में झुरझुरी पंचायत के ग्राम सक्रेज में चापाकल मरम्मत कार्य शीघ्र किया जाय एवम सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर जल नल पहुंचाने का काम भी हो ताकि गरीबों की प्यास बुझ सके।

### क्या कहते है ग्रामीण

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की एक माह से अधिक होने चला है। नेहा कंस्ट्रक्शन जो नल जल योजना का कार्य कर रही है, के ठिकेदार के द्वारा कहा गया कि हर घर में नल जल का जो योजना है।



उसको लेकर सभी से आधार कार्ड मांगा गया और हम सभी से आधार कार्ड ले कर गए लेकिन फिर दुबारा आज तक नही पहुंचे । इससे साफ है की ठिकेदार के द्वारा मनमानी तरीके से जहा मर्जी वहॉ काम किया जा रहा है ।लेकिन हम सभी ग्रामीण जल संकट से जूझ रहे है यहा किसी पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि को दिखाई नहीं दे रहा है। झारखंड सरकार पेयजल संकट से हम ग्रामीणों को निजात दिलाए अन्यथा गांव के हम सभी सैकड़ों ग्रामीण जनता पानी संकट को लेकर बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय का घेराव करेंगे।



# डूबा जंगल से अज्ञात शव बरामद

## 72 घंटों के लिए शीत गृह में रखा गया सुरक्षित


**बरही ।** शनिवार की संध्या लगभग 3:30 बजे डूबा जंगल तिलैया डैम के पास से अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है. उक्त जानकारी प्रेस ब्यान जारी कर इंस्पेक्टर थाना सह प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने दी. जारी बयान के अनुसार प्राप्त शव की उम्र लगभग 60 वर्ष, बाल काला सफेद लंबाई 5 फीट 6 इंच और रंग सांवला है. जो उजले रंग का टीशर्ट और अंडरवियर पहना हुआ है. जिसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है. जिसे 72 घंटे के लिए शीत गृह हजारीबाग में सुरक्षित रखा गया है. थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील किया है कि यदि शव के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती हो तो इसकी सूचना बरही थाना प्रभारी को दें.

## मुहर्रम को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग का आयोजन

# अधिकारी समन्वय बनाकर करें काम : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग सॉफ्टवेयर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उनके क्षेत्रों में अभी से ही क्षेत्र भ्रमण करने एवं लाइसेंस धारी समितियों को पर्व के मद्देनजर आवश्यक जानकारियां एवं दिशा निर्देश देने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के किसी भी समिति द्वारा जुलूस ना निकाला जाए। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने आवश्यकतानुसार स्वास्थ सेवाओं व एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां देने का





निर्देश दिया। उन्होंने सभी को किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी प्रशासन को देने एवं अधिकारियों को त्वरित मामलों पर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देंने एवं किसी भी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार 107 सहित अन्य धाराओं से संबंधित प्रतिवेदन अनुमंडल स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान साफ सफाई का जायजा लेने एवं कमी पाए जाने पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्य कराने का निर्देश दिया।

# अस्पताल में व्यक्ति की मौत, दोस्तों पर हत्या का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के उत्तरी शिवपुरी निवासी सुरेश वर्मा की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई. वह पेशे से चालक था. 43 वर्षीय सुरेश शिवपुरी निवासी रामलाल वर्मा का पुत्र था. परिजनों का कहना है कि सुरेश की हत्या पीट-पीट कर दो लोगों ने कर दी है. परिजनों का कहना है कि शनिवार को दिन के 11 बजे उसके दो दोस्त शिवपुरी गली न. 14 निवासी अमित सिन्हा व ध्रुव सिंह उसे घर से बुलाकर ले गए थे. उसके बाद पैसे के लेन-देन को लेकर उसकी जमकर



पिटाई कर दी. इस दौरान सुरेश वर्मा का बेटा वहां पहुंचकर अपने पिता को बचाने की कोशिश की. बेटा का आरोप है कि घायल अवस्था में वे लोग उसके पिता को सदर अस्पताल पहुंचा कर फरार हो गए. चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया. इधर मृतक की पत्नी सुनीता देवी का आरोप है कि सभी लोग एक साथ काम करते थे. जब अमित और ध्रुव उसके पति को बुलाने आए, तो उन लोगों ने सोचा कि किसी काम को लेकर उन्हें बुलाया गया होगा. उन्हें क्या मालूम था कि वे लोग उनकी हत्या कर देंगे. घर में कमाने वाले उनके पति इकलौते सदस्य थे. अब परिवार को कौन देखेगा. उन्होंने प्रशासन से गुजारिश की है कि हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले. इस संबंध में पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने फर्द ब्यान में हत्या के लिए दो लोगों अमित सिन्हा और ध्रुव सिंह को आरोपी बनाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## रामगढ़ः पतरातू में आजसू पार्टी का हल्ला बोल 4 अगस्त को

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के पतरातू में पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में शनिवार को आजसू पार्टी की एक आवश्यक बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो व संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया. केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार और उसमें शामिल दलों ने आम जनता के साथ छल किया है. प्रखंड कार्यालयों में योजनाओं का लाभ देने में जनता को परेशान किया जा रहा है. भ्रष्टाचार हावी हैं और विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है. जनहित की योजना कार्यान्वित नहीं है. निर्णय लिया गया कि आगामी 4 अगस्त को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आजसू पार्टी द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा.

# गोरहर थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना में मोहर्रम को लेकर थाना प्रभारी मुकेश यादव के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बेलकपी के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा ने किया। बैठक में थाना प्रभारी ने निर्देश देते हुए कहा कि किसी प्रकार का सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं। वहीं आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के प्रधानाध्यापक मोहम्मद मुजीब अंसारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुहर्रम शांति और आपसी प्रेम का त्यौहार है। हर वर्ष हम लोग इसे शांतिपूर्वक मनाते हैं और इस वर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाएंगे। वह उपस्थित लोग लोगों ने अपने अपने मंतव्य व्यक्त किया । मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल,बेलकपी प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, उप मुखिया सहदेव पासवान, श्याम सिंह, सुनील पांडेय, अवध किशोर सिंह, जोधन मोदी, राज कुमार गिरी, समीम अंसारी, छतरू पंडित, मोहम्मद मुजीब अंसारी, रमजान मौलवी, नबी मियां, शेर मोहम्मद, हसमत अली, अशरफ अंसारी, सफीक अंसारी, संदीप साव आदि उपस्थित थे।

# सड़क के जलजमाव में धान रोपनी कर स्थानीय लोगों ने जताया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ में कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से सड़के जलमग्न हो गई है. वहीं प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर सौदागर मोहल्ला न्यू कॉलोनी की मुख्य सड़क जर्जर है. जिसकी वजह से वहां नाली का पानी जमा हो गया. नाली के विरोध में स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क के जल जमाव में धान रोपनी कर अपना विरोध प्रदर्शन किया. लोगों का कहना है कि सड़क में पानी भरने की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है. विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व युवा समाजसेवी राजेश ठाकुर ने किया. उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व हम लोगों ने नाली और सड़क बनाने को लेकर लगभग 11 किलोमीटर सांकेतिक पदयात्रा किया था और रामगढ़ की डीसी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा था. लेकिन उसके बाद भी सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है. उन्होंने बताया कि शहर के आठों वार्ड की नाली और सड़क की स्थिति काफी जर्जर है. अगर जल्द से जल्द इन सड़कों और नालियों को नहीं बनाया जायेगा तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जायेगा. धान रोपनी में कृष्णा पांडे, रवि कुमार, शंकर ठाकुर, कपिल ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, पवन महतो, बंटी कुशवाहा, दिनेश कुमार, आकाश कुमार, संतोष कुमार ,अशोक रजक सगित कई लोग मौजूद रहे.

## बरकट्ठा : सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता

# कलहाबाद ने झुरझुरी को पेनल्टी सूट में हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अड़वार स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया अब्बास अंसारी, अजप्ता अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद मौजूद थे। वहीं प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच गंगपाचो बनाम खैरियो के बीच खेला गया। जिसमें खैरियो की टीम ने गंगपाचो को 3-0 से पराजित किया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता युवाओं में संजीवनी बूटी का काम करता है। खेल कूद से भी युवा अपने कैरियर बना सकते हैं। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं के बीच फुटबॉल वितरण कर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर खेल प्रदर्शन कर राज्य और जिले का नाम रौशन करने की बात कही। प्रतियोगिता के फाइनल में कलहाबाद ने झुरझुरी को पेनल्टी सूट में 3-2 से हराया। कार्यक्रम में शिक्षक शशि भूषण प्रसाद,यमुना प्रसाद, रामकिशुन महतो, सुकर ठाकुर, अशोक विश्वकर्मा, हरिकांत पाण्डेय, मधु यादव, सीआरपी रामकृष्ण पाण्डेय, अनिल आजाद, प्रदीप सिंह, दीपक पाण्डेय, सहदेव साव, हरिहर दास, आसिफ अली,विनय कुमार,चंदन सोनी,अजय कुमार, मनोज कुमार,धनेश्वर साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### खेलकूद के माध्यम से अपना कैरियर बना सकते हैं युवा : रेणु देवी

## बेहतर प्रदर्शन | 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# टूर्नामेंट की विजेता बनी कस्तूरबा-खोड़ाहर की टीम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड मैदान में नवमी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ ए डी टोप्पो, बीईईओ आर एस दांगी, बीपीएम अरुण कुमार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. खिलाड़ियों का हौसला वर्धन करते हुए बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न मार्ग है. इस क्षेत्र में भी कैरियर की असीम संभावनाएं है. इसके लिए नियमित प्रैक्टिस करे. सरकार की ओर से विद्यालयों में खेल की सभी सुविधाए उपलब्ध कराई गई है. इसका लाभ लेना चाहिए. बीईईओ ने दो टूक कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चे निजी विद्यालय से कम नहीं. सभी सरकारी उपक्रमो को समयानुसार विद्यार्थियो तक पहुंचाने के लिए वह कृत संकल्पित रहते है. उन्होंने बताया कि इस टूनार्मेंट के विजयी टीम को जिला स्तर पर प्रदर्शन के लिए भेजा जाएगा. टूर्नामेंट में कुल आठ टीम भाग लिए. जिसमे बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय खोड़ाहर, प्लस टू उच्च विद्यालय विजैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गौरिया करमा तथा बालिका वर्ग में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही की टीम शामिल हुई. जिसमे बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विजेता और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही उपविजेता तथा बालक वर्ग ने प्लस टू उच्च विद्यालय खोड़ाहर विजेता तथा प्लस टू उच्च विद्यालय कोल्हुआकला उपविजेता बनी. मैच को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी सह खेल शिक्षक अश्विनी कुमार सिन्हा, विजय कुमार दास, रौशन कुमार, शिक्षक डॉ सुनील कुमार यादव, तुलसी कुमार दास, मथुरा प्रसाद, संजय दुबे, मनोज घोष, मनीषा कुमारी, गुड़िया कुमारी, कुमारी निर्मला, अमरदीप शर्मा, पंकज महतो आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. टूर्नामेंट के अंत में विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.

### खेल भी शिक्षा का अभिन्न अंग है, इसमें में कैरियर की है पूरी संभावनाएं : इंदीवर



## मुहर्रम पर्व को लेकर कुरडेग थाना में शांति समिति की बैठक

# शांति व सौहार्द में मुहर्रम मनाएं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** मुहर्रम पर्व को लेकर कुरडेग थाना परिसर में शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ ज्ञानमणि एक्का एवं अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने संयुक्त रूप से की इस दौरान बीडीओ ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्द तरीके से मनाएं पर्व किसी का भी हो वह शांति का प्रतीक होता है। इससे आपसी भाइचारा बनी रहे उन्होने मुहर्रम पर्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि कर्बला यानी आज का ईराक जहाँ इस्लामी कैलेण्डर के सन 60 हिजरी को यजीद जबरन ईस्लाम धर्म का खलीफा बन बैठा। वह अपने वर्चस्व को पूरे अरब में फैलाना चाहता था जिसके लिए उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती हजरत ईमाम हुसैन थे जो किसी भी हालत में यजीद के सामने झुकने को तैयार नहीं थे इसी दिन हजरत ईमाम हुसैन ने सत्य , धर्म , न्याय , इंसानियत के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दे दी थी। मुहर्रम उन्ही की याद में मनाया जाता है । वहीं अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि यहाँ के लोगों का आपसी भाईचारा एक मिसाल है उन्होने कहा कि वे जब से आएं हैं तबसे लोगों का आपसी सौहार्द देखने के लिए मिल रहा है जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि पूर्व से ही हम लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार मनाते आए हैं अभी तक किसी भी त्योहार में अप्रिय घटना नही घटी है अभी मुहर्रम का त्योहार है इसे हम सभी आपसी सौहार्द के साथ मनाने का कार्य करेंगे वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने और किसी भी प्रकार का धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले जो भी असमाजिक तत्व के लोग ऐसा करेंगे पुलिस अविलंब वैसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करेगी थाना प्रभारी ने कहा कि शांति एवं सौहार्द के रूप में मुहर्रम पर्व को मनाया जाए अगर किसी भी प्रकार का अफवाह आए तो तत्काल इसकी सुचना थाना को दें, अफवाहों पर ध्यान नहीं दें । अन्त में नये थाना प्रभारी का शांति समिति के सदस्यों के साथ परिचय प्राप्त करते हुए बैठक समाप्त की गई । बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, एस आइ नरेश मरांडी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा, पूर्व जिला परिषद मनोज साय, मकसुद आलम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल , जीशान खान , मुखिया उमीर्ला कुजुर, मुखिया सुनीता देवी, मुखिया प्रतिमा कुजूर, वार्ड पार्षद अयुब अंसारी, नासीर अंसारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल ने शनिवार को शिक्षकों और छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अलग-अलग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला ने रिसोर्स पर्सन रूप में बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के प्रोफेसर अनंत राव थे। उनके साथ बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के एडमिशन कौंसलर अभिजीत भट्टाचार्य मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। यह कार्यशाला स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा की देख-रेख में हुआ। रिसोर्स पर्सन श्री राव का परिचय एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने दिया। रिसोर्स पर्सन अनंत राव ने हमारे जीवन मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे जीवन को सरल और आसान बना दिया है। उन्होंने प्रोजेक्टर के द्वारा शिक्षकों को ढेर सारी जानकारियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में दी। एक्सल शीट पर छात्रों का डाटा तैयार करने, एक्सल शीट पर काम करने के तरीके आदि की जानकारी दी। यह कार्यशाला शिक्षक और छात्रों के लिए काफी लाभदायक रहा। उन्होंने चैट जीपीटी के बारे में भी शिक्षकों को बताया और कहा कि चैट जीपीटी ने हमारे जीवन को और सरल बना दिया है। इसके माध्यम से हम किसी भी तरह का कंटेंट तैयार कर सकते हैं। खासकर छात्रों के लिए भी यह काफी उपयोगी है। छात्रों में ऋषि सिंह और अंशिका सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यशाला में 11वीं और 12वीं के लगभग 50 बच्चे शामिल हुए। स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों की बेहतरी के लिए इस तरह के कार्यशाला लगातार कराए जाते रहेंगे। कार्यशाला में प्रिंस वर्गिस, दीपक सर्राफ, किशोर कुणाल, आशुतोष गौतम, सुभय कुमार, संजय तिवारी, जेपी सिंह, प्रियंका गुप्ता, कामिनी सहाय आदि मौजूद थे।

# वेदव्यास से सिमडेगा कांवर यात्रा के लिए बजरंग दल की मेडिकल टीम हुए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा द्वारा आयोजित उड़ीसा के वेदव्यास त्रिवेणी संगम से सिमडेगा सरना मंदिर स्थित भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए शनिवार को हजारों की संख्या में कांवरिया के जत्था उड़ीसा वेदव्यास से जल उठाकर सिमडेगा के लिए रवाना हुई है। इधर बजरंग दल सिमडेगा द्वारा कांवरियों को चिकित्सा सुविधा लाभ देने के उद्देश्य से मेडिकल टीम उड़ीसा के लिए रवाना हुई। शनिवार को टीम को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह एवं मंत्री कृष्णा शर्मा द्वारा जय श्री राम के जय घोष के साथ उड़ीसा के लिए रवाना किया ।जानकारी देते हुए बताया गया कि मेडिकल टीम में सभी प्रकार की जीवन रक्षक दवाएं सहित आवश्यक वस्तु उपलब्ध दें ताकि किसी कांवरिया की तबियत अगर खराब होती है तो उसे समुचित इलाज दिया जा सके। वही बताया गया कि यह मेडिकल टीम लगातार तीन दिनों तक कांवरिया के सेवा में मौजूद रहेगी। मौके पर बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल नगर संयोजक मानस प्रसाद, गौ रक्षा प्रमुख सुमित कुमार, अभिषेक कुमार राहुल केसरी अग्निवेश चौबे, रिकी वर्मा, बलराम, सहित 2 दर्जन से अधिक बजरंग दल के कार्यकर्ता गणवेश के प्रधान में मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ध्वज स्वीकृति दिवस व अनुमान दिवस का आयोजन

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल में एक उत्साहभरा और शोभायमान समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज स्वीकृति दिवस और पाई अनुमान दिवस के महत्वपूर्ण अवसरों को ध्यान में रखते हुए बच्चे भाग लिए ।इस समारोह में छात्र-छात्राएं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझाने और समर्थन करने के लिए संगठित किए गए थे। शिक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धियों और इतिहास के बारे में जानकारी दी और बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और इस महान ध्वज के संकेतों के विशेष महत्व को समझाने का प्रयास किया ।स्कूल के विज्ञान विभाग ने भी इस खास दिन के अवसर पर पाई अनुमान दिवस को बच्चों के बीच प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर छात्रों के बीच महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी को जीवनी पर आधारित फिल्म दिखाई गई।

# गरजा में समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** गरजा गांव में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक में ग्रामीणों ने बिजली पानी सड़क आवास वृद्धा पेंशन सहित कई प्रकार की समस्याओं को बारी-बारी से रखने का कार्य किया इस दौरान सभी समस्याओं को बारी बारी से सुनने के पश्चात उन्होंने जल्द ही उन समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया । वहीं मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अगर सजग और सतर्क रहें तो क्षेत्र का विकास संभव है लेकिन सत्ता मिलने के बाद सत्ता सुख भोगने में व्यस्त है। जनप्रतिनिधियों की लापरवाही वजह से क्षेत्र की जनता परेशानियों का दंश झेल रही है। जनता जिसे वोट देकर सत्ता पर बैठ आती है और वही सत्ता पर बैठने पर दरकिनार करते हैं तो जनता को आगामी चुनाव में उसे मुंहतोड़ जवाब देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लेकिन अब समय आ गया है कि झारखंड पार्टी का आप सहयोग करें क्योंकि झारखंड पार्टी मार्टी की पार्टी है और आप सभी की समस्याओं को अपनी समस्या मानती है आने वाले दिनों में आपकी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का,आशीष सिंह,सुदीप लुगुन, रसाल खलखो उपस्थित रहे।

## कोडरमा : अलग-अलग समुदाय के युवक और युवती के प्रेम प्रसंग का मामला आया सामने

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह का एक लड़का और नरेश नगर की एक लड़की के प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आया है. दोनों अलग-अलग समुदाय से है. दोनों एक महीने पहले घर से भाग गये थे, जिसके बाद लड़की के परिवार वालों ने तिलैया थाना में लड़की के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों को आसनसोल दुगार्पुर से पकड़ कर लाई. पुलिस ने लड़की को परिवार वाले को सौप दिया. अब लड़का को 164 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा जाएगा. लड़का से पूछताछ करने पर बताया कि दोनों पिछले पांच सालों से एक दूसरे को जानते हैं. उसने कहा कि हमलोग घर से भागकर अजमेर चले गये थे, जहाँ हम दोनों ने शादी कर ली. वहीं लड़की के परिवार वालों ने बताया कि जिस दिन लड़की घर से भागी थी, उस दिन उसकी शादी की तैयारियां चल रही थी. उसकी शादी कहीं और तय हो गयी थी.

## एसपी ने तिलैया थाना का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार गौरव ने आज शनिवार को तिलैया थाना का निरीक्षण किया. इस दौरान एसपी ने कई दिशा निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि कोई भी आवेदन थाना में आये तो उसका रिसीविंग दें. अगर आवश्यकता हो तो एफआईआर दर्ज करें. यदि जांच की आवश्यकता है तो जांच करें और तुरंत रिपोर्ट जमा करें. वहीं उन्होंने कहा कि कल शाम में पूरे जिले में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया था. इसी क्रम में विभिन्न थाना का भ्रमण किया गया और ब्रिफिंग की गयी.

## कुरडेग के बने नये थाना प्रभारी मनीष कुमार



**कुरडेग।** कुरडेग थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में मनीष कुमार ने शनिवार को योगदान दिया इस दौरान थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि जनता और पुलिस की आपसी सहभागिता का सजग बनाये रखेंगें उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं को गहनता से जाँच कर ही उस पर कार्रवाई की जाएगी ताकि कोई दोषी बचे नहीं और कोई भी निर्दोष फंसे नहीं । ग्रामीण बिना किसी डर भय से अपनी समस्या को हमारे पास आकर बता सकतें हैं मैं हर संभव उनके समस्या का प्रशासनिक निदान करने का प्रयास करूंगा साथ ही कहा कि यदि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अबैध धंधा चल रहा होगा तो उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र को अपराधमुक्त रखा जाएगा वहीं उन्होने कहा कि वरिय पदाधिकारियों के आदेश को इमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगें तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना मेरी प्राथमिकता है ।

## अमित तिर्की बने यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष

**केरसई।** केरसई को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेंन केरकेट्टा ने की तथा अमित तिर्की को सर्वसम्मति से युथ कांग्रेस का प्रखण्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। युथ प्रखण्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर अमित ने जिला एवं प्रखण्ड कमिटी के प्रति आभार प्रकट किया है साथ ही युथ कांग्रेस को नई दिशा की ओर बढ़ाते हुए अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करने की बात कही। बैठक में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष देवनिश खलखो, केरसई जिप सदस्य श्रीमति प्रेमा बाड़ा,मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद,मुखिया मुंस खेस, मुखिया अगुस्ता डुंगडुंग,पं स सदस्य नोवेल मिंज, अनूप लकड़ा,अनिल केरकेट्टा, अजेयदान कुजूर निशित टोप्पो आदि उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

बानो। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बानो में जिला महिला उत्पीड़न कमेटी द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के द्वारा स्वागत किया गया। जागरूकता शिविर का मंच संचालन पीएलवी अशोक तिवारी द्वारा किया गया, विधिक जागरूकता शिविर में पुष्पा कुमारी द्वारा छत्राओ को पोक्सो अधियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह अधिनियम महिलाओं की सुरक्षा का कवच है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत किसी बच्ची को या महिला को गलत इशारा, गलत नियति से शरीर को छूना एवं पोक्सो के विषय में विस्तृत जानकारी दी, शीतल प्रसाद द्वारा बच्चियों को शिक्षा से संबंधित के विषयों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई, सुनीता कुल्लू ने बच्चियो को डायन प्रथा निषेध अधिनियम के विषय मे जानकारी देते हुए बताता की सरकार द्वारा डायन के विषय मे बहुत कड़े नियम बनाये है। किसी को डायन कहकर बुलाना भी अपराध की श्रेणी में आता है। महिला उत्पीड़न कमेटी की अध्यक्ष लता तिर्की ने बताया कि शिक्षा के माध्यम से अच्छी जानकारी प्राप्त कर आगे बढ़े और अपने मां-बाप के नाम रोशन करें, पीएलवी अशोक तिवारी ने झालसा के निर्देशन में विशेष मध्यस्थता जागरूकता अभियान की जानकारी दिए, साथ ही मानव तस्करी के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि सिमडेगा जिले में मानव तस्करी अभिशाप बन गया है, झारखंड में मानव तस्करी के मामले में सिमडेगा जिला पहले स्थान एवं सिमडेगा जिले का बानो प्रखंड पहले स्थान पर है, छत्राओ को इससे बचने के लिए कहा गया, जागरूकता अभियान में, विद्यालय की वार्डन रीना कुमारी, पीएलवी लक्ष्मी कुमारी सहित विद्यालय की शिक्षिका एवं छात्राएं उपस्थित थी।

## बिजली समस्या के लिए कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता

**सिमडेगा।** भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग श्रद्धानंद बेसरा जी विद्युत कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मारंडी जी से मुलाकात करके कहा कि वर्तमान में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने की समस्या से गांव के ग्रामीण काफी परेशान हैं, अब शहर के लोग भी ट्रांसफार्मर खराबी के कारण परेशानी का सामना उठा रहे। विगत कई दिनों से विद्युत वर्कशॉप में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग का काम विद्युत तेल की अनुपलब्धता के कारण कार्य बाधित है। श्री बेसरा ने कहा कि लोगों को कब से ट्रांसफार्मर मिलना शुरू हो जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता विश्वेश्वर मरांडी जी ने कहा कि तेल उपलब्ध हो गई है अब सोमवार दिन से रिपेयरिंग का काम आरंभ कर दिया जाएगा और संभवत , मंगलवार ,बुधवार से जिन जिन गांव शहर का ट्रांसफार्मर खराब है उन्हें रिपेयरिंग के पश्चात मिलना शुरू हो जाएगा।

# खेलो झारखंड : प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत कोलेबिरा स्टेडियम परिसर में अंडर 14 और अंडर 17 बालक बालिका वर्गो के मैच आयोजित किया गया। अंडर-17 बालक वर्ग का उद्घाटन मैच एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय कोलेबिरा बनाम उच्च विद्यालय लेढ़ाटोली के बीच हुआ, जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख कोलेबिरा दुतामी हेमरोम और कोलेबिरा पंचायत के मुखिया अंजना लकड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करते हुए प्रमुख महोदया ने कहा कि अब खेल के क्षेत्र में कैरियर बनाने की असीम संभावनाएं हैं, खिलाड़ी इसका लाभ उठाएं। वहीं मुखिया महोदया ने कहा कि खेल भावना से खेलते हुए अच्छा खेल दिखाएं और कोलेबिरा प्रखंड का नाम रोशन करें। अंडर 14 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में कन्या उच्च विद्यालय कोलेबिरा की टीम ने रा उत्क्रमित मध्य विद्यालय जितियाटोली को 1-0 से, अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय कोलेबिरा ने कन्या उच्च विद्यालय कोलेबिरा को 1-0 से तथा एस एस प्लस टू कोलेबिरा ने संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह को 4-0 से पराजित करते हुए जिला स्तर पर कोलेबिरा प्रखंड का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया। विजेता उपविजेता टीमों को प्रखंड प्रमुख दुतामी हेंब्रोम एवं मुखिया अंजना लकड़ा द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी ।

## बोलबा के गट्टीगाड़ा गांव में वन अधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**बोलबा।** प्रखंड के कादोपानी पंचायत के गट्टीगाड़ा राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक ग्राम प्रधान हेरमन केरकेट्टा की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के वनोपज पर बाजारीकरण के प्रभारी कुन्दन कुमार गुप्ता एवं जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को आमंत्रित किया गया था। मौके पर कुन्दन कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से वनोपज का व्योपार शुरू करने की प्रक्रिया को जानना होगा विभिन्न वनोपज का व्यापार टेंडर के माध्यम से बड़े बाजार तक पहुंचाया जा सकता है।आगे ये भी बताया कि ग्राम सभा को अगर शशक्त बनाना है तो वनोपज के व्योपार के साथ जुड़ना होगा।इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 तहत जो अधिकार प्राप्त है उसे पालन करने की जरूरत है। हमें अपने जंगलों के प्रबंधन, संवर्द्धन और संरक्षण करने का अधिकार प्राप्त है।

## सम्मानित | मारवाडी मंच का 22 वां स्थापना दिवस का समापन समारोह का आयोजन

# मायूमं देश की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था : श्रेया



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच अपने नाम से नहीं बल्कि अपने काम से जाना जाता है। मायूमं देश की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था है और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी पहचान बना ली है। उक्त बातें झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कही । उन्होंने कहा कि मायुमं झारखंड प्रदेश में 22 वर्षों से अमूल्य सेवा करता आ रहा है। इस संगठन के जरिए झारखंड प्रदेश में प्रेरणाशाखा, सुरभि शाखा, समर्पण शाखा, जागृति शाखा आदि के तहत आधी आबादी महिलाएं इस कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य योगदान कर रही है। मंच को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति, नारी शक्ति, राष्ट्र शक्ति के तहत पूर्ण रूप से अपनी निष्ठा में लगी है। मंच की सचिव सारिका लड्ढा ने कहा हमें गर्व है कि हम अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य हैं, एवं झारखंड प्रांत के स्थापना दिवस के साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि 2001 में प्रांत में 30 शाखाएं एवं 4 मंडल से शुरू की गई और वर्तमान में 77 शाखाएं एवं 6 मंडल के जरिए प्रांत में 4165 युवा साथी 247 लगातार विभिन्न माध्यम से अपनी सेवा जनमानस को दे रहे हैं। वर्तमान में शाखाएं रक्तदान, अमृतधारा, कन्या भ्रूण संरक्षण ,ऑक्सीजन सेवा मोर्चरी सेवा( डेट बॉडी रखने की मशीन), व्यक्तिगत विकास, पर्यावरण संरक्षण, नारी चेतना जैसे कार्यक्रमों को मंच के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की सेवा भावना से पूरा करने में जुटी है। इस साल मायुमं के झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, महामंत्री सार्थक अग्रवाल एवं उनकी टीम के द्वारा जो 8 दिवसीय कार्यक्रम 15 जुलाई से 22 जुलाई तक चलाया गया इससे प्रेरणा शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को एक नई उमंग और जोश के साथ कार्यक्रम को प्रस्तुत करने का मौका दिया गया । उससे समाज में मान सम्मान बढ़ा और समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचने का मार्ग भी मिला। प्रेरणा शाखा के तत्वधान में शनिवार को मायुमं के झारखंड के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में स्वास्थ्य जांच शिविर के तहत न्यूट्रीशनिस्ट एवं डाइटिशियन परामर्श शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें शहर के स्वास्थ्य सलाहकार सनी वर्मा ने लोगों को विभिन्न बीमारियों में कैसे खानपान और व्यायाम अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं परामर्श दिया। उन्होंने मधुमेह पर भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक श्वेता गुटगुटिया, उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया ,उप सचिव मीना हिसारिया, मिनी हिसारिया, नेहा जैन, पायल खाटूवाला, प्रीति गुटगुटिया, सुनीता गुटगुटिया, नीतू अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रश्मि गुटगुटिया, सुनीता गुटगुटिया, शीतल पोद्दार, रश्मि केडिया, निशा केडिया पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया, उषा शर्मा, ज्योति अग्रवाल, दीपा गुप्ता आदि कार्यक्रम में शामिल हुई ।

### काली घटाएं तो छा रही हैं लेकिन बादल बिन बारिश लौट जा रहे

# इंद्रदेव की बेरुखी से लातेहार के किसान हलकान, खेत हैं सूखे

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लातेहार जिले में जून माह ही नहीं जुलाई माह 15 तुलाई तक अच्छी बारिश न होने से शहरवासी ही नहीं किसान परेशान नजर आ रहे हैं। जिले के किसान इंद्र देव के मिजाज नहीं समझ पा रहे हैं, काली घटाएं तो छा रही है लेकिन बादल बिन बारिश लौट जा रही है। इंद्रदेव की नाराजगी लातेहार जिले के किसानों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रही है। जिले के किसान मानों इंद्रदेव से कह रहे हों हे इंद्रदेव आप ना रूठे, खेत हैं सूखे, हम रह जायेंगे भूखे। कृषि कार्य के लिए किसान अच्छी बारिश की मानो बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

#### बिचड़ा बचाने के लिए

#### मोटर का सहारा

जिला में बारिश कम होने से खेती की जो स्थिति दिख रही है उससे किसान काफी परेशान हलकान नजर आ रहे हैं। कई किसान तो बारिश नहीं होने के कारण अपना बिचड़ा बचाने के लिए मोटर का सहारा ले रहे हैं। जून माह में बारिश का नामोनिशान नहीं दिखा अब जुलाई माह भी आधा बीत चुका है। ऐसे में लातेहार जिले में आधा मात्रा में भी बारिश नहीं होना किसानों की चिंता को और बढ़ा दी है। जिले में जुलाई माह खत्म होने में 15 दिन ही बचा है लेकिन बारिश सामान्य से 344.7 मिली मीटर वर्षा के जगह पर मात्र 32.4 मिली मीटर ही वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है। किसान शुरुआती मौसम को देखते



हुए बिचड़ा खेतों में डाल चुके हैं पर अभी के समय में खेतों में बारिश नहीं होने की वजह से बिचड़ा सूख रहा है और कही अपना बिचड़ा बचाने के लिए किसान मजबूरन मोटर का सहारा ले रहे हैं।

#### जिले में 4 फीसदी ही हुई है धान की रोपाई

लातेहार जिले को 15 जुलाई तक बात करें तो कृषि विभाग को मिले लक्ष्य के बात करें तो बारिश नहीं होने के कारण 30 हजार हेक्टेयर में मात्र चार फीसदी ही धान की रोपा अभी तक हो पाई है। वहीं अरहर की बात करें तो 27 हजार हेक्टेयर में आधे भी नहीं बुआई हुई है। केलव 42 फीसदी ही अरहर की पूरे जिले में रोपा हुआ है। वहीं मक्का की बात करें तो कृषि विभाग को लातेहार में मिले लक्ष्य 1160 हेक्टेयर में केवल 34 फीसदी ही रोपा हो पाया है। पूरे जिले में 15 जुलाई तक औसत 344.7 मिमी के बदले मात्र 32.4 मिमी ही वर्षा हुआ है। इसी प्रकार अन्य प्रखंड की हालत हो गई है।

#### गर्मी से आमजनों का जीना हुआ मुहाल

बारिश नहीं होने की वजह से उमस भरी गर्मी में आमजनों का पसीना सूखने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम पर नजर डाले तो दिनभर सूर्य देव और बादल के बीच खींचतान होते रहता है कभी सूर्यदेव उग जाते हैं तो कभी आसमान में बादल दिखने लगता है। लातेहार जिले के तापमान की बात करें तो अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री से उपर नजर आता है।

#### क्या कहतें है कृषि पदाधिकारी

जिला कृषि पदाधिकारी अमृपेश कुमार सिंह कहतें हैं कि लातेहार जिले में अभी तक बारिश की स्थिति सही नहीं हैं। 15 जुलाई तक जिले में केवल 10 फीसदी ही बारिश हुई है। हम अभी और 15 दिनों तक वेट करेंगे। यदि बारिश नहीं हुई तो हम किसानों से अपील करेंगे की वह कम पानी की खपत आले फसल लगाएं जैसे की मडूआ, अरहर आदि। साथ ही उन्होंने किसानों से अपील की है कि आप चिंतित नहीं हो।

# वन क्षेत्र को उजाड़ कर खेती करने वाले 13 पर केस दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
थाना क्षेत्र के विश्रामपुर व बारा ग्राम मे वन क्षेत्र को उजाड़कर अवैध तरीके से खेती करने वाले 13 लोगों पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वन विभाग के प्रभारी फॉरेस्टर विजय शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिबला पंचायत अंतर्गत विश्रामपुर ग्राम में वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए लवकुश सिंह, विनय उरांव, लुरक लोहरा सहित 13 अतिक्रमणकारियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



वहीं कई ग्रामीणों को समझाया गया और उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस तरह का वन अपराध ना करें अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान समय में वन संपदा की रक्षा ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए, जिससे ग्रामीणों के पशुओं के लिए चरागाह की उचित व्यवस्था एवं ग्रामीणों को वनोपज का उचित लाभ मिल सके। इधर भाटचतरा, बारा डहर, चैनपुपुर वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले को हिदायत देते हुए दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से बताया है कि यदि वन क्षेत्र में जंगल उजाड़ कर खेती करते पकड़े गए तो वन अधिनियम के तहत शख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पारिवारिक विवाद के कारण प्री-प्लान कर घटना को दिया था अंजाम

# पत्नी के दो भाइयों ने की थी सिराज अहमद की हत्या

#### भवनाथुपर ब्लॉक कोआर्डिनेटर हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
बीती 14 जुलाई को भवनाथपुर-नगर उंटारी मुख्य मार्ग तुलसीदामर घाटी के समीप भवनाथपुर ब्लॉक कोआर्डिनेटर सिराज अहमद की हत्या प्री-प्लान कर, उसके दो साले ने पारिवारिक विवाद के कारण की थी। यह जानकारी श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने अपने अनुमंडलीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हत्या के बाद उसके भाई इसरार अंसारी के आवेदन पर नगर उंटारी थाना में 15 जुलाई को मामला दर्ज कर, उच्च पदाधिकारियों के निर्देशानुसार एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद हत्या कांड में संलिप्त दो लोगों को गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठिया स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए दोनों युवकों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए मामले का खुलासा किया।



एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि मृतक सिराज अहमद द्वारा उनकी बहन को नहीं रखने के कारण उसके ससुराल वाले परेशान थे। ऊपर से मृतक सिराज अहमद द्वारा पिछले दिनों कोर्ट में केस भी कर दिया गया था, जिससे ससुराल वाले और भी गुस्से में थे। मृतक से उसकी पत्नी के भाई 28 वर्षीय टीपू सुल्तान तथा 24 वर्षीय इमरान अंसारी दोनों ने उसकी हत्या करने की योजना बनायी। इसके लिए दोनों हफ़्तों तक उसकी रैकी की और विगत 14 जुलाई को तुलसीदामर घाटी में सुनसान जगह पर गाड़ी रोक कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस हत्या में कुछ और लोग भी शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि राहुल कुमार, कुमार विक्रम सिंह, चंद्रदेव कुमार, सुनील कुमार दास, सअनी श्रीकांत पांडेय सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# हवलदार चंद्रिका सिंह की ह्रदय गति रुकने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**
भंडरिया थाना में पदस्थापित झारखंड सशस्त्र पुलिस बल 8 आई कंपनी के हवलदार के पद पर पदस्थापित चंद्रिका सिंह (40) की शुक्रवार की रात ह्रदय गति रुकने से मौत हो गई। मृतक हवलदार गढ़वा जिला के अरसली गांव के दक्षिण टोला बैगाडीह निवासी बताया गया है। उक्त हवलदार झारखंड सशस्त्र पुलिस बल के 2004 बैच का जवान था। जानकारी के अनुसार हवलदार शुक्रवार की शाम थाना परिसर में ही जवानों के साथ वालीबॉल खेलने के उपरांत जवानों की गिनती लेने के बाद अपने कमरे में जाकर दुरभाष पर बात कर रहे थे कि



अचानक तबीयत बिगड़ गयी। आनन फानन में अन्य जवानों के द्वारा इलाज के लिए भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक ने जवान को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मृतक के स्वजनों को दी गई। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है।

# केतार में जिला परिषद सदस्य ने धोती-साड़ी का किया वितरण

**केतार।** केतार प्रखंड के परसोडीह गांव के जनवितरण प्रणाली दुकान के लाभुकों के बीच शनिवार को जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने धोती साड़ी और लुंगी वितरण किया गया। इस मौके पर उप मुखिया सतेंद्र गुप्ता, चंद्रदेव रजवार, बैजनाथ रजवार, मंजय रजवार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## लातेहार संक्षिप्त

### पशुधन विकास योजना को लेकर हुई बैठक



**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर प्रखंड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने की। वहीं बैठक में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू मौजूद रहे, जबकि प्रखंड स्तरीय कमेटी के सदस्य कल्याण पदाधिकारी नदारद रहे। बैठक के दौरान मुख्य रूप से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, कुक्कुट पालन योजना, बॉयलर कुक्कुट पालन योजना और बत्तख पालन योजना के तहत लाभुकों के ग्रामसभा के माध्यम से चयन के पूर्व प्रखंड स्तरीय एक कमेटी के माध्यम से पंचायत का चयन किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर प्रखंड विकास अधिकारी ने बताया कि झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत चयनित गांव से लाभुकों का चयन करके उन्हें अनुदान के माध्यम से योजना का लाभ देने का काम किया जाएगा। लाभुकों को बेहतर पालन करने को लेकर शेड भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत विधवा महिला को विशेष प्राथमिकता देने के साथ-साथ एसटी, एससी महिलाओं को प्राथमिकता देने का प्रावधान है। जिन्हें ग्रामसभा के माध्यम से चयनित करने के बाद प्रखंड स्तरीय कमेटी के द्वारा चयन करने की प्रक्रिया की जाएगी।

### बीस सूत्री समिति की बैठक में मुद्दों पर चर्चा



**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में बीस सूत्री समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष राजेंद्र गंझु ने की। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी समिति के सदस्य रिगन कुमार उपस्थित रहे। इसमें पशुधन योजना के अंतर्गत बांटे गए बकरा, बकरी हुई मौत के संबंध में संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका द्वारा कथित रूप से इस सत्र में बच्चों को नामांकन के लिए परेशान किये जाने के संबंध में उन्हें अपनी कार्य-प्रणाली में सुधार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ रवि कुमार, प्रखंड समन्यवक पंकज पांडेय, अरबिंद पांडेय, जेएसएलपीएस बीपीएम सुनील कुमार, एटीएम समीम अंसारी, सीआई अनिल होरो, राजश्वक्रमचारी नंनदेव राम, संदीप कुमार, राजी राम, बीस सूत्री समिति सदस्य, रोजगार सेवक व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### कैंप लगा साइलो भू-रैयतों को एलपीसी सौंपा



**बालूमाथ।** मगध सीसीएल कोल माइंस केस पीट ऑफिस में निर्धारित कार्यक्रम के तहत कैंप का आयोजन कर साइलो निर्माण कार्य में गए भू रैयतों को एलपीसी दिया गया। बता दें कि आरा ग्राम में साइलो निर्माण में जिन रैयतों की भूमि गयी है उनको एलपीसी उपलब्ध कराने हेतु बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम की अध्यक्षता में कैंप का आयोजन किया गया। जिन भूरैयतों ने भूमि का खतियान, लगान, रसीद इत्यादि कागजात कैंप में जमा किया उन्हें सीसीएल एवं अंचल के द्वारा एलपीसी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान शिवनारायण प्रसाद, रवि प्रकाश, जितेंद्र प्रसाद, शंभू साव, पदुम यादव, विनोद गंझू, खेमलाल गंझू, राजेश राम, रूपलाल राणा, हरिहर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, राजन यादव, दीपक गंझू, महेंद्र साव, विमल गंझू, वीरमोहन साव, रविंद्र उरांव, रामवृक्ष साव, विनोद उरांव, गणेश उरांव, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण, योजनाएं जांचीं

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने शनिवार केतार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रखंड सह अंचल कर्मी में उपस्थिति पंजी की जांच की। इस दौरान बायोमेट्रिक उपस्थिति पंजी नहीं मिल पाई जिस पर एसडीओ ने नाराजगी जताते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। इसके पश्चात बलिगढ़ पंचायत के चेचरीया, दासीपुर गांव संचालित विकास योजना सोख्ता, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मी कम्पोस्ट योजना की जांच की। उन्होंने बीपीओ मनोज कुमार को समय पर टारगेट के अनुसार योजनाओं को पुर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पाचाडुमर बालू घाट का भी निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, पंचायत सचिव राजीव कुमार, बीपीओ मनोज कुमार, पंद्रहवें वित्त समन्वयक राकेश कुमार मौजूद थे।



# चिलबिल के पेड़ पर लटका मिला शव

**धुरकी।** पुलिस ने ग्राम कुंबाकला स्थित बलुवाही ढोंढा स्थित जंगल में चिलबिल के पेड़ में गमछा में लटका हुआ एक सड़ी हुयी अवस्था में शनिवार को शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त शिवरी गांव के परीखा भूईआं का पुत्र दिलीप भुईआं (30) के रूप में की गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने जानकारी दी है कि दिलीप मानसिक रूप से विक्षिप्त था। उसका कुछ दिन पहले हाइड्रोसील का ऑपरेशन हुआ था। मृतक ने अपना अंडकोष स्वयं ब्लेड से काट कर निकाल लिया था और घर से करीब एक सप्ताह से फरार था। उसकी खोजबीन परिजन कर रहे थे। मृतक के चार बच्चे हैं।

# युवक की मौत से सिलीदाग में मातम

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
सिलीदाग पंचायत में गम का माहौल थमने का नाम नहीं ले रहा। अभी गत सप्ताह ही एक युवा मजदूर की हुयी मौत का मातम समाप्त भी नहीं हुआ था कि शनिवार को एक और युवा मंदिश भूईयां की अचानक मौत से लोग सदमे में हैं। ग्रामीणों के अनुसार मृतक को सुबह में शरीर में जलन महसूस हुआ, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। घरवाले शरीर देखे तो सांप काटने का निसान दिखा। उसे लेकर आनन फानन में गढ़वा हॉस्पिटल ले गये, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के चार नाबालिक बच्चे हैं, जिनका पालन -पोषण कैसे होगा? कौन देखभाल करेगा। इस बात की चर्चा सभी की जुबां पर है। मृतक मंदिश भूईयां पूर्व



सांसद मनोज भूईयां के कार्यकाल में रमना के सांसद प्रतिनिधि भी रह चुके थे। मृतक काफी मिलनसार एवं मृदु भाषी व्यक्ति और आयुर्वेद दवा के जानकार थे। मुखिया अनीता देवी मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को हिम्मत बढ़ायी व हरसंभव आर्थिक मदद का आश्वासन भी दिया।

### कार्यक्रम | मिलिनियम स्कूल में ग्रीन उत्सव मनाया गया

# 'पेड़ों के बिना जीवित नहीं रह सकते'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधरनगर**
सीबीएसई से मान्यता प्राप्त टेन प्लस टू सीनियर सेकेंडरी मिलिनियम पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को मिलिनियम एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी के तत्वाधान में मिलिनियम ग्रीन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मुमताज राही ने कहा कि 2016 से ही प्रतिवर्ष 22 जुलाई को मिलिनियम ग्रीन उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य संपूर्ण वातावरण में हरा भरा स्वच्छ व सुंदर बनाना है मानव का आदिकाल से ही पेड़ पौधे के साथ अन्योन्याय संबंध है, जिसके बिना हम जीवित नहीं रह सकते। यह प्रकृति की पूजा है। हम सभी को प्रकृति पूजा का पालन करना चाहिए। प्रत्येक मानव जाति को अपने सुरक्षित



भविष्य के लिए अवश्य एक पौधा लगाना एवं बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलिनीयम ग्रीन उत्सव कर विद्यालय परिसर हरा- भरा स्वच्छ सुंदर हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया है। विद्यालय में आम, जामुन, बहेरा, हावड़ा, महोगनी, चंदन नींबू, संतरा, केबड़ा, जास्मीन, गुलाब सहित अन्य पौधा लगाया गया। मौके पर विद्यालय चेयरपर्सन नूरजहां बेगम, नागेंद्र प्रसाद सिंह, अनेश यादव, रविशंकर चौबे, मनोज कुमार, सूरज तमंग, जयप्रकाश ठाकुर, स्नेप्रिया, रीमा तिवारी, किरण, कौशल प्रवीण, असगर अंसारी, रामेश्वर प्रसाद सहित विद्यालय छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मुखिया ने बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शनिवार को उत्क्रमित नव प्राथमिक विद्यालय मायर और नव प्राथमिक विद्यालय ताली के छात्रों के बीच पोशाक वितरण किया। इस अवसर मुखिया ने नव प्राथमिक विद्यालय ताली में कक्षा एक और दो के 40 बच्चों और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मायर के 27 बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया। बच्चों को दो सेट ड्रेस,जुता और मोजा दिया गया। इससे पूर्व मुखिया ने विद्यालय में बन रहे एमडीएम का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की सरकार गरीब तबके के बच्चों को पढ़ाई में हर तरह से मदद कर रही है। उन्होंने कहा की ड्रेस पहनकर विद्यालय आने से बच्चों में एकरूपता आती है। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मेनू की अनुसार मध्यान्ह भोजन देने की बात कही। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव पासवान, कौशल्या देवी, शिक्षक महेंद्र सिंह, राम कुमार राम आदि मौजूद थे।



एक नजर इधर भी

## नेपाल सीमा : खौफनाक सरहद

**कभी** आतंकी संगठनों की घुसपैठ, जाली भारतीय करेंसी तथा विदेशी वस्तुओं की तस्करी के लिए कुख्यात नेपाल की खुली सीमा इन दिनों सीमा हैदर को लेकर चर्चा में है। नेपाल के रास्ते बड़ी आसानी से अपने चार बच्चों के साथ भारत आई सीमा हैदर की सच्चाई क्या है यह सुरक्षा तंत्रों के जांच का विषय है, अभी सिर्फ यह है कि भारत नेपाल की खुली सीमा जहां सुरक्षा व जांच पड़ताल के व्यापक प्रबंध है, वहां की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर तार तार होती दिखी। सरहद की चर्चा होने पर भारत-पाक सरहद का खौफनाक दृष्य आंखों के सामने कौंध जाता है। वहां की भयावहता ऐसी कि कब दिल दहला देने वाली मनहूस खबर आ जाय कुछ तय नहीं रहता। वेशक ऐसी डरावनी संभावना भारत-नेपाल सीमा पर भले ही न हो लेकिन इस सीमा को भी अब कम खतरनाक आंकना भूल होगी। यह मानना है नेपाल सीमा पर तैनात खूफिया एजेंसियों की। खूफिया एजेंसियों की यह आशंका पूर्व में भारत के बड़े शहरों में तबाही मचाने जैसे षणयंत्रों का खुलासा और लखनऊ, दिल्ली में पकड़े गये आतंकी संगठनों के सदस्यों के कबूलनामें पर आधारित हो सकता है। पाकिस्तान से जुड़ी अर्तंरष्टीय सीमाओं पर सख्ती के बाद पाकिस्तानी आतंकी संगठन नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ करने के फिराक में रहते हैं। नेपाल सीमा पर तैनात खूफिया सूचनाओं की मानें तो भारत-नेपाल की संपूर्ण 1757 किमी की खुली हुई लंबी सीमा भारत के लिए गंभीर खतरा बन गई है। नेपाल और भारत से लगी यह लंबी सीमा यूपी, उत्तराखंड, बिहार,पश्चिम बंगाल और सिक्किम को स्पर्श करती है। नेपाल सीमा की भयावह तस्वीर दरअसल वक्त वक्त पर तब उभरती है जब देश में कहीं भी आतंकी बारदात या आतंकियों के नेपाल के रास्ते घुसपैठ की खबरें आती है। खूफिया रिपोर्टों की मानें तो नेपाल सीमा के दोनों तरफ भारत विरोधी तत्वों का आमद रफ्त बना रहता है। नेपाल सीमा के दोनों तरफ कुछ ऐसे लोग हैं जो अवांछनीय तत्वों को संरक्षण देते रहते हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडू भारत विरोधियों के राजनीतिक संरक्षण का प्रमुख केन्द्र पहले से ही है। दोनों देशों के बीच परागामन संधि के तहत कुल 18 मार्ग ही आवागमन के लिए अधिकृत हैं। इन रास्तों से लोगों को गहन तलाशी के बाद आने जाने दिया जाता है लेकिन इसके अलावा सैकड़ों ऐसे रास्ते हैं जो जंगल झाड़ी तथा नदी नालों से होकर गुजरते हैं जहां सुरक्षा के कोई बंदोबश्त नही है। लिहाजा ये रास्ते तस्करी सहित अवांछनीय तत्वों के आवगमन के लिए मुफीद साबित हो रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के लिए ये मार्ग सदैव ही चुनौती बने रहते हैं। नेपाल सीमा पर कुख्यात आतंकी यासीन भटकल, अब्दुल करीम टुंडा, जब्बार, जावेद कमाल, वसीम, बब्बर खालसा का सुखविंदर सिंह,भाग सिंह, अजमेर सिंह तथा मुंबई बम कांड के कुख्यात आतंकी टाइगर मेमन सहित दर्जन भर आंतकियों के नेपाल में पकड़े जाने से भी इस सीमा को भारत के आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरे की दृष्टि से देखा जाने लगा है। नेपाल सीमा के क्रमशः सोनौली, ठूठी बारी खुनुवा, बढ़नी, ककरहवा, अलीगढ़वा सीमा को मुफीद मानते हैं। नेपाल सीमा के मार्ग यूपी के सिद्धार्थनगर तथा महराजगंज जिले में स्थित है। सीमा हैदर के सिद्धार्थनगर जिले के खुनुवा सीमा से भारत में प्रवेश की बात सामने आ रही है। इस सीमा से ज्यादा तर लोग पैदल ही आते जाते हैं। माना जा रहा है कि सीमा नकाब पहनकर अपने बच्चों के साथ इस रास्ते आसानी से भारत में दाखिल हो गई। भारत नेपाल सीमा आतंकी अथवा आंतकी संगठनों के लिए कितना मुफीद है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कश्मीर में आंतकियों के समक्ष जब आत्मसमपर्ण का प्रस्ताव रखा गया तो 90 प्रतिशत आतंकियों ने नेपाल सीमा के रास्ते आकर आत्मसमर्पण की इच्छा जताई। गृहमंत्रालय के आंकड़े के अनुसार पिछले कुछ सालों में तीन सौ से अधिक कश्मीरी आतंकियों ने नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों के समक्ष आत्म समपर्ण किया जिन्हें जम्मू कश्मीर सरकार को सुपुर्द किया गया।

■ यशोदा श्रीवास्तव

# हिंदू राष्ट्रवाद के पितामह थे लोकमान्य तिलक

**बाल गंगाधर** तिलक प्रखर राष्ट्रवादी, हिन्दूवादी नेता एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व थे। वे समाज सुधारक, राष्ट्रीय नेता, थे जिन्हें भारतीय इतिहास, संस्कृत, हिन्दू धर्म, गणित और खगोल विज्ञान में महारथ हासिल थी। तिलक ने ही सबसे पहले ब्रिटिश राज के दौरान पूर्ण स्वराज की मांग उठाई थी। स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे ले कर रहूंगा। इस नारे ने बहुत से लोगों को प्रोत्साहित किया था। आजादी के परवानों के लिए ये महज कुछ शब्द भर नहीं थे बल्कि एक जोश, एक जुनून था जिसके जरिए लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानियां देकर मां भारती को अंग्रेजों से आजादी दिलाई। इस वाक्य को पढ़ने और सुनने वाले को बाल गंगाधर तिलक की याद आ ही जाती है। लोकमान्य का अर्थ है लोगों द्वारा स्वीकृत किया गया नेता। लोकमान्य के अलावा इनको हिंदू राष्ट्रवाद का पितामह भी कहा जाता है। बाल गंगाधर तिलक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के जनक के रूप में जाने जाते हैं। बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। रत्नागिरी गांव से निकलकर आधुनिक कॉलेज में शिक्षा पाने वाले ये भारतीय पीढ़ी के पहले पढ़े लिखे नेता थे। इन्होंने कुछ समय तक स्कूल और कालेजों में गणित पढ़ाया। अप्रतिम प्रतिभा सम्पन्न तिलकजी कुशल मानवशिल्पी के साथ राष्ट्र-शिल्पी थे। उनकी वाणी तीक्ष्ण, तेजधार होने के साथ-साथ सीधी, सरल एवं हृदय को छूने एवं प्रभावकारी परिणाम करने वाली थी। अपनी पारखी दृष्टि से व्यक्ति की क्षमताओं को पहचान कर न केवल उसका विकास करते थे अपितु उसे देश, समाज एवं राष्ट्र हित में नियोजित भी करते थे। राष्ट्रोत्थान की भावना जगाने में उनका कौशल अद्भुत था। एक सामाजिक-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय व्यक्तित्व होते हुए भी तिलकजी ने भारतीय राजनीति की दिशा को राष्ट्रीयता की ओर कैसे परिवर्तित किया है, यह समझने के लिए भी उनके जीवन-दर्शन को पढ़ना आवश्यक है। अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता तिलक पश्चिमी शिक्षा पद्धिति के बड़े आलोचक थे। उनका मानना था इसके द्वारा भारतीय विद्यार्थियों को नीचा दिखाया जाता है और भारतीय संस्कृति को गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।अंग्रेजी शिक्षा के ये आलोचक थे। इस वजह से ये मानते थे कि यह भारतीय सभ्यता के प्रति अनादर सिखाती है। कुछ सोच विचार के बाद वे इसी नतीजे में पहुंचें कि एक अच्छा नागरिक तभी बन सकता है, जब उसे अच्छी शिक्षा मिले। भारत में शिक्षा को सुधारने के लिए उन्होंने अपने मित्र के साथ मिलकर 'डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी' की स्थापना की ताकि भारत में शिक्षा का स्तर सुधरे। शिक्षा का स्तर सुधारने की दिशा में भी काफी काम किया। तिलक ने अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी। जब अंग्रेजों ने तिलक को 1906 में विद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर 6 साल की सजा सुनाई और बर्मा को एक जेल में डाल दिया तो जेल में महान किताब गीता रहस्य लिख डाली जो तिलक जैसा व्यक्तित्व ही कर सकता है। गणेश उत्सव और शिवाजी के जन्म उत्सव जैसे सामाजिक उत्सवों को प्रतिष्ठित कर उन्होंने लोगों को एक साथ जोड़ने का काम भी किया। बाल गंगाधर तिलक को ब्रिटिश राज के दौरान स्वराज के सबसे पहले और मजबूत अधिवक्ताओं में से एक माना जाता है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई नेताओं से एक करीबी संधि बनाई, जिनमें बिपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय, अरविन्द घोष, वी० ओ० चिदम्बरम पिल्लै और मुहम्मद अली जिन्नाह शामिल थे। बाल गंगाधर तिलक ने इंग्लिश में मराठा दर्पण व मराठी में केसरी नाम से दो दैनिक समाचार पत्र शुरू किए, ये दोनों जल्द ही जनता में बहुत लोकप्रिय हो गये। तिलक ने अंग्रेजी शासन की क्रूरता और भारतीय संस्कृति के प्रति हीन भावना की बहुत आलोचना की। इन्होंने मांग की कि ब्रिटिश सरकार तुरन्त भारतीयों को पूर्ण स्वराज दे। वो अपने अखबार केसरी में अंग्रेजों के खिलाफ काफी आक्रामक लेख लिखते थे। इन्हीं लेखों की वजह से उनको कई बार जेल भेजा गया। तिलक अपने समय के सबसे प्रख्यात आमूल परिवर्तनवादियों में से एक थे। इसके अलावा वो जल्दी शादी करने के भी विरोधी थे। इसी वजह से वो शुरू से ही 1891 एज ऑफ कंसेन्ट विधेयक के खिलाफ थे, क्योंकि वे उसे हिन्दू धर्म में अतिक्रमण और एक खतरनाक उदाहरण के रूप में देख रहे थे। इस अधिनियम ने लड़की के विवाह करने की न्यूनतम आयु को 10 से बढ़ाकर 12 वर्ष कर दिया था। तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 1890 में जुड़े। चूंकि उन दिनों कांग्रेस का राज था, इस वजह से वो भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए लेकिन जल्द ही वे कांग्रेस के नरमपंथी रवैये के विरुद्ध हो गए, वो उनके विरोध में बोलने लगे। इसके अलावा कई अन्य नेता भी इसी तरह से विरोध में बोलने लगे और कई समर्थन में बोलने लगे। जिसकी वजह से 1907 में कांग्रेस गरम दल और नरम दल में विभाजित हो गयी। गरम दल में तिलक के साथ लाला लाजपत राय और बिपिन चन्द्र पाल शामिल हो गए, इन तीनों को लाल-बाल-पाल के नाम से जाना जाने लगा। 1908 में तिलक ने क्रान्तिकारी प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस के बम हमले का समर्थन किया जिसकी वजह से उन्हें बर्मा (अब म्यांमार) स्थित मांडले की जेल भेज दिया गया। जेल से छूटकर वे फिर कांग्रेस में शामिल हो गये और 1916 में एनी बेसेंट और मुहम्मद अली जिन्ना के साथ अखिल भारतीय होम रूल लीग की स्थापना की।

**स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे ले कर रहूंगा। इस नारे ने बहुत से लोगों को प्रोत्साहित किया था। आजादी के परवानों के लिए ये महज कुछ शब्द भर नहीं थे बल्कि एक जोश, एक जुनून था जिसके जरिए लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानियां देकर मां भारती को अंग्रेजों से आजादी दिलाई। इस वाक्य को पढ़ने वाले को गंगाधर तिलक की याद आ ही जाती है।**

इन दिनों



ललित गर्ग

# भ्रष्टाचार को उजागर करते बाढ़ के बाद के दृश्य

**प्रकृति** ने पिछले दिनों हुई बेतहाशा बारिश पर लगाम लगा तो जरूर दी है परन्तु बाढ़ व जल प्रलय की विभीषिका के बाद के भयावह दृश्य व उनके दुष्प्रभाव सामने आने शुरू हो चुके हैं। शासन प्रशासन इन चुनौतीपूर्ण हालात का सामना करने की कोशिश कर रहा है। कई जगह जहां बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी सरकारी तंत्रों ने अपने मेहनतकश कर्मचारियों के दिन रात किये गये अथक परिश्रम से विद्युत आपूर्ति को बहाल किया। जहाँ जहाँ जलापूर्ति प्रभावित थी या गंदे पानी की आपूर्ति हो रही थी उसे भी अधिकांश जगहों पर सामान्य किया जा चुका है। और जहाँ नहीं हो सकी है उसके लिये प्रयास जारी हैं। सरकार द्वारा पेय जल प्रदूषित होने के कारण फैलने वाली बीमारी से बचाव के मद्देनजर कई जगहों पर नागरिकों में दवाइयां वितरित करवाने की कोशिश की जा रही है। निचले इलाकों में ठहरे हुये पानी से सड़ांध फैली हुई है इससे बीमारी फैलने की आशंका है। तमाम स्थानों से मवेशियों के मरने व सड़ने की खबरें आ रही हैं। इनसे निपटना भी एक बड़ी चुनौती है। जहाँ जहाँ अंडर पास ओवर फ्लो हो गये थे वे भी अब खाली हो चुके हैं उनमें जमी गाद भी साफ की जा चुकी है। और जहाँ अंडर पास में डूबने से कोई मर गया था वहां सरकार ने चेतावनी के बोर्ड लगवा दिये हैं। जहाँ जहां रेल लाइनों पर जलभराव के चलते रेल परिचालन बाधित हुआ था उसे दुरुस्त कर रेल आवागमन लगभग नियमित किया जा चुका है। परन्तु बाढ़ व भारी बारिश की इस विभीषिका ने सरकार व प्रशासन की एक बार फिर पोल खोल कर भी रख दी है। जहाँ जहाँ सड़कों पर जलभराव था वहां अनेक जगहों पर बने गड्ढे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सड़क निर्माण में कितनी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी सड़कों पर अनेक जगहों पर बजरी बाहर निकल आई है जिससे निर्माण में बरती गयी लापरवाही व भ्रष्टाचार का साफ पता चल रहा है। दर्जनों पुल व बाँध टूटने के बाद उनके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। जिसतरह कई निर्माणाधीन या नवनिर्मित पुल व बाँध इस भीषण तबाही में ध्वस्त हो गये उसी तरह देश में कुछ स्थानों से उस नव निर्माणाधीन रेल लाइनों के नीचे से जमीन धंसने व बहने के भी समाचार हैं जोकि देश के चारों कोने को जोड़ने के लिये विशेष समर्पित माल ढुलाई गलियारा के नाम से बनाया जा रहा है। अभी इसपर मॉल गाड़ियां भी नहीं दौड़ीं और नई बिछाई गयी रेल लाइनों के नीचे से जमीन भी खिसक गयी ? इस तरह के दृश्य योजना अभियांत्रिकी तथा निर्माण की गुणवत्ता आदि अनेक पहलू से सवाल खड़ा कर रहे हैं। इसी तरह कई जगहों पर नालों की सफाई जो बारिश से पहले ही की जानी चाहिये वह नहीं हो पाई जिसके चलते शहरी इलाकों में जलभराव हुआ। अनेक बस्तियों में पानी घुस आया। लोगों को भरी क्षति का सामना करना पड़ा। और जब बारिश रुकने के बाद जे सी बी के द्वारा गहरे नालों की सफाई की भी गयी तो अनेक नाले क्षतिग्रस्त हो गये। क्योंकि उनमें घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हुआ था। और उनमें जमी घास फूस नियमित रूप से साफ नहीं की जा रही थी। सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का झूठा ढोल जरूर पीटती रहती है, परन्तु नालों नालियों व सड़कों गलियों के निर्माण की गुणवत्ता स्वयं इस बात का सुबूत है कि इनमें कितना भ्रष्टाचार किया गया है। कई जगहों पर तो नालों नालियों में लगने वाली ईंटों को एक दूसरी पर रखकर और बिना सीमेंट से उन्हें जोड़े हुए प्लास्टर कर ढक दिया जाता है। जबकि इस तरह की निर्माण परियोजना में शामिल सरकारी तंत्र व ठेकेदारों का नेटवर्क अपने घरों के निजी निर्माण में उच्च गुणवत्ता बनाये रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखता ? शहरी इलाकों में जलभराव का मुख्य कारण यह भी है कि प्रायः गलियों व सड़कों के निर्माण के नाम पर इन्हें बार बार ऊँचा कर दिया जाता है। इसके चलते अधिकांश मकानों का स्तर गलियों व सड़कों से नीचे हो जाता है। परिणाम स्वरूप जब ऐसी सड़कों व गलियों में बारिश का पानी भरता है तो वह गलियों सड़कों के भरने से पहले ही लोगों के मकानों या दुकानों में भर जाता है। उधर इन्हीं सड़कों व गलियों के किनारे बनने वाली कमजोर व घटिया सामग्री का इस्तेमाल की गयी नालियां टूटने या क्षतिग्रस्त हो जाने से नालियों का पानी जमीन में रिसाव कर लोगों के गली के नीचे स्तर के हो चुके मकानों में जमीन के नीचे से रिसने लगता है। और लोगों के घरेलू सामन का काफी नुकसान होता है व भारी परेशानी भी उठानी पड़ती है।

**सरकार द्वारा पेय जल प्रदूषित होने के कारण फैलने वाली बीमारी से बचाव के मद्देनजर कई जगहों पर नागरिकों में दवाइयां वितरित करवाने की कोशिश की जा रही है। निचले इलाकों में ठहरे हुये पानी से सड़ांध फैली हुई है इससे बीमारी फैलने की आशंका है। तमाम स्थानों से मवेशियों के मरने व सड़ने की खबरें आ रही हैं।**

■ निर्मल रानी

है न विचित्र बात !

## राजनीतिक से ज्यादा प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही

**मेरठ** एक्सप्रेस वे पर बस और कार की टक्कर महज हादसा नहीं थी, बल्कि वह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा रही। एक्सप्रेस वे पर आठ किलोमीटर तक कोई बस कैसे गलत दिशा में दौड़ती रह सकती है? इसका अनुमान तंत्र को होना चाहिए और उसे रोकने का इंतजाम भी उसे ही करना चाहिए। प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का वश नहीं। लेकिन इन आपदाओं से जुड़ी कुछ घटनाएं और सामान्य हादसे ऐसे होते हैं, जिन पर काबू पाया जा सकता था। हाल के दिनों में घटी कुछ घटनाओं को इन्हीं श्रेणियों में रखा जा सकता है। इन घटनाओं ने देश और समाज को विचलित कर दिया। पहली घटना रही मेरठ से दिल्ली को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे पर हुई दुर्घटना, जिसमें गलत दिशा से आ रही एक बस से कार की आमने-सामने की टक्कर हुई, जिसमें एक हंसता-खेलता परिवार खत्म गम और आंसुओं के समंदर में डूब गया। इस हादसे के कुछ ही दिन पहले दिन में हुई जोरदार बारिश ने दिल्ली को जैसे झील में तब्दील कर दिया। कुछ इसी तरह हिमाचल प्रदेश भी डूब रहा है। मंडी जिले में तो सड़कों पर मलबे की बाढ़ आ गई। इन घटनाओं में पहली नजर में कोई समानता नजर नहीं आती। एक जहां सड़क हादसा है तो दूसरी-तीसरी घटना प्राकृतिक आपदा है। लेकिन इन घटनाओं में समानता इस लिहाज से है कि इनसे बचा जा सकता था या उनसे होने वाले नुकसान को कम से कम किया जा सकता था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में राजनीतिक तंत्र होता है। लोगों के मत से चुनकर आने की वजह से उन पर सवाल होना भी चाहिए। हमने जिस तरह का नैरेटिव विकसित किया है, उसमें मोहल्ले की गड़बड़ी से लेकर राष्ट्रीय समस्या के लिए सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक तंत्र ही जिम्मेदार माना जाता है। इसलिए सवालों के घेरे में वही सबसे ज्यादा रहता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ राजनीतिक तंत्र ही इसके लिए जिम्मेदार है? क्या यह सवाल नहीं उठना चाहिए कि इसके लिए व्यवस्था और उसके सबसे अहम अंग नौकरशाही जवाबदेह नहीं है? नौकरशाही पर सबसे वैज्ञानिक और स्वीकार्य अध्ययन जर्मन समाजशास्त्री मैक्स वेबर का माना जाता है। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में निरंतरता के लिए नौकरशाही और प्रशासनिक तंत्र को बेहतरीन जरिया बताया है। अपने इसी अध्ययन में मैक्स वेबर नौकरशाही की नकारात्मक भूमिका की ओर भी ध्यान दिलाते हैं। उनका मानना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की नौकरशाही नियमों और उसकी प्रक्रिया को ही अपना लक्ष्य मान लेती है। दफ्तरी सोच की वजह से यह तंत्र एक तरह से कल्पनाहीन विशेषज्ञों का समूह विकसित करने लगती है। चाहे मेरठ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा हो या दिल्ली के डूब जाने की कहानी या फिर ऐसी ही कोई और घटना, हर घटना या हादसे का विश्लेषण करेंगे तो पायेंगे कि हमारा व्यवस्था तंत्र भी कल्पनाहीनता की सुरंग में समाता जा रहा है। मेरठ एक्सप्रेस वे हुई घटना महज हादसा नहीं है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही भी है। दिल्ली अगर डूब रही है, यहां की सड़कें अगर धंस रही हैं, कुछ साल पहले अगर पटना डूब रहा था, अगर मंडी की गलियों में मलबा बह रहा है, कुछ साल पहले जयपुर की सड़कें अगर मलबे से डूब गई थीं, तो इसके मूल में कहीं न कहीं भारतीय तंत्र की कल्पना और अनुमानहीनता की कमी ज्यादा जिम्मेदार रही है। हमारा तंत्र हादसों और घटनाओं के बाद चेतता है। वह उन हादसों और घटनाओं का अनुमान लगाकर उन्हें रोकने या बाधित करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठा पाता। पुरानी पीढ़ी के लोग अपने अनुभवों के आधार पर कहते रहे हैं कि आजादी के पहले की नौकरशाही ज्यादा कल्पनाशील थी। वह अपनी हर योजना भविष्य, भावी अनुमानों और उस पर आधारित परिणामों को ध्यान में रख बनाती थी।

■ उमेश चतुर्वेदी

# सावन में वायु भी गुनगुनाती है शिव संकल्प

**सावन** शिवार्चन और नीराजन आराधन का मास है। तब मेघ भी उतर आते हैं -शिव आराधक होकर। सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सावन वनस्पतियों के युवा हो जाने का काल है। झमाझम वर्षा का महीना। वायु भी शिव संकल्प सूक्त गुनगुनाते हुए बहती है और रुकती है उमस सहित तो शिव का रूद्राभिषेक करने के लिए। सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं। वनस्पतियां और औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन की मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं। बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। एक बार सावन का अंतिम सोमवार था। मैंने समूची वाराणसी को सोम शिव पाया। बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज। लोक आह्लाद का आनंद। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती मां से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। हमारी अपनी प्रिय बचपने से ही हमारे मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। जलराशि निरंतर घटी है पर भाव राशि का क्या कहना? यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में सावन के सोमवार लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकत्त्रा। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार। सोचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं - त्रिशूल धारक जो हैं। लेकिन सोचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। शिव संकल्प मंत्र दोहराता हूं- 'हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो- तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।' मैं राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम की अनुभूति नहीं। पढ़ा सुना काम आता नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था त्र्यम्बक रूद्र को - हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। मैं भी डंठल से चिपका हुआ पका फल हूं। शिव निर्णय लें कि 'उवरिक्मिव मृत्योरमोक्षीय' कब करना है? भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकत्त्रा। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र-तत्र सर्वत्र उपस्थित हैं। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप है। चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद् चन्द्र की पूनो शिव रस सोम की ही वर्षा करती है। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि, 'उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दायां नेत्र है और बायां चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चन्द्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब बड़ा शुभ मुहूर्त बनता है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है।' सावन है भी मनभावन। तब धरती और आकाश मधुरसा हो जाते हैं। शिव का सावन प्रेम तरल सरल ही तो है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास। लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। सावन में पांचों महाभूत - क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। आकाश में मेघ गर्भ धारण करते हैं। धरती हरीतिमा के परिधान धारण करती है और प्रियतमा हो जाती है। धरती माता और आकाश पिता की प्रीति परवान चढ़ती है। आकाश मेघ भेजते हैं, धरती लहालोट होती है। वायु सोम तरंग लेकर बहती है। आकाश इन्द्रधनुष रचता है। लोक लहक उठता है। संसार क्षर से क्षर की यात्रा है। भौतिक से भौतिक की ओर लेकिन जीवन में भौतिक के साथ चेतन भी है। अन्तर्यात्रा भौतिक से चेतन की यात्रा है। स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। फूल का पकना ही बीज है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं हैं। फिर पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम बीज के भीतर की प्राण शक्ति है और सोम इसी बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद में सोम पर पूरा एक मण्डल है। सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम की यात्रा शिव है। परम चरम आनंद है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव रूपक का सोम प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। वे जलों के पुत्र हैं और आनंददाता हैं। शिव भोले शंकर हैं। औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी।

**सावन वनस्पतियों के युवा हो जाने का काल है। झमाझम वर्षा का महीना। वायु भी शिव संकल्प सूक्त गुनगुनाते हुए बहती है और रुकती है उमस सहित तो शिव का रूद्राभिषेक करने के लिए। सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं। वनस्पतियां और औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का।**

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### जनता कांग्रेस छग विधायक प्रमोद शर्मा ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**रायपुर।** विधायक प्रमोद शर्मा ने शनिवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रेणु जोगी को अपना त्याग पत्र सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी हैं। अमित के साथ प्रमोद शर्मा की लड़ाई 10 महीने पहले खुलकर सामने आई थी। तब पार्टी विरोधी होने की बात कहकर जनता कांग्रेस के एक और विधायक धर्मजीत सिंह को निकाल दिया गया था। उस दौरान प्रमोद शर्मा ने कहा कि पार्टी मुझे भी निकालना चाहती है तो निकाल दे। मैं पूरी तरीके से धर्मजीत सिंह के साथ में हूं। अमित जोगी जो बाथरूम में बैठकर इस प्रकार का फैसला ले रहे हैं, वह नाजायज है, गलत है। प्रमोद कुमार शर्मा बलौदाबाजार सीट से विधायक हैं। 2018 में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) से चुनाव लड़ा था। इस्तीफे के बाद विधायक प्रमोद शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को विधानसभा के मानसून सत्र का आखिरी दिन था। जोगी कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य के नाते, मैं कल तक सदन में जोगी कांग्रेस के विधायक के तौर पर मौजूद था, लेकिन आज मैने रेणु जोगी को इस्तीफा भेज दिया है। अब मैं स्वतंत्र हो गया हूं।

### मंगलकोट में महिला को जिंदा जलाने की कोशिश, दो गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान।** पूर्व बर्दवान जिले के मंगलकोट के कुरुम्बा गांव में एक महिला के शरीर पर तेल छिड़ककर कथित तौर पर आग लगा दी गई। फिलहाल महिला बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक, एक मकान में प्लास्टर करवाने को लेकर दो परिवारों में लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी के कारण यह घटना घटी है। घटना के संबंध में पीड़िता के भाई सुबीर गराई ने बताया, ""मेरी बहन सुबह बाथरूम में काम कर रही थी। वहां से आशुतोष गराई और उसका बेटा आये और उसे खींच कर ले गये। वे उन्हें घर ले गए और उनकी आंखों पर पट्टी बांध दी, उसके हाथ-पैर बांध दिए और शरीर पर तेल डाल दिया और आग लगा दी। जब मुझे खबर मिली तो मैं वहां गया और देखा कि मेरी बहन जल रही है।' स्थानीय लोगों ने आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### पत्नी ने प्रेमी के मिलकर की थी पति की हत्या, चार गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** मक्खनपुर थाना पुलिस ने शनिवार को हत्या के आरोप में महिला उसके प्रेमी सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला ने अपने प्रेमी व उसके साथियों के सहयोग से प्रेम सम्बंधों में बाधक बन रहे पति की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया था। पुलिस ने खुलासा कर सभी को जेल भेजा है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रण विजय सिंह ने बताया कि नौ जुलाई को थाना मक्खनपुर पर विसमवीर निवासी विल्टीगढ देवजीत थाना मक्खनपुर की गुमशुदगी दर्ज करायी गई थी। इसके बाद पुलिस उनकी तलाश में थी। इसी दौरान ज्ञात हुआ कि विसमवीर तीन जुलाई से लापता है, जबकि उनकी गुमशुदगी छह दिन बाद दर्ज करायी गई है। जांच की गई तो बाद में विसमवीर का शव पड़ा मिला। जांच के दौरान मृतक की पत्नी से भी पूछताछ की गई तो मामला साफ हो गया। उसने पति की हत्या करना स्वीकार किया।

### सीएम योगी ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया शिलान्यास, बोले

# माफिया को जेल भेज रही सरकार

**एजेंसी। मेरठ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी वर्गों को सम्मान मिल रहा है। माफिया रसातल में जा रहे हैं। उन्होंने मुजफ्फरनगर जनपद के शुक्रतीर्थ में गंगा की धारा को लाने की योजना शुरू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 100 वर्ष पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष के रूप में सम्मान दिया जाए। शनिवार को प्रदेश में चल रहे वृक्षारोपण अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए। मुजफ्फरनगर जनपद के शुक्रतीर्थ में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि मां गंगा की पावन धारा शुक्रतीर्थ से होकर बहने का सपना साकार हो रहा है। सबसे पहले भगवान शुकदेव के मुख से इसी धरती पर राजा परीक्षित ने श्रीमदभागवत कथा सुनी थी। यहां पर पांच हजार वर्ष पुराना अक्षय वट है। कई पीढ़ियों



के उत्थान-पतन को इस पवित्र वृक्ष ने देखा है। हमारी बहुत समृद्ध विरासत है। यह इतिहास बनाने वाली भूमि है। शुक्रतीर्थ की तरह बिजनौर की विदुर कुटी को भी गंगा की धारा मिलेगी। हम इसका भी सर्वे करके आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई राह पर बढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्रोद्धार, केदारपुरी, सोमनाथ, महाकाल के पुनर्रोद्धार का कार्य भी सम्पन्न हुआ है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है। यह काम 2014 से पहले भी हो सकता था, लेकिन पहले की सरकारों में लोगों की आस्था और विरासत को सम्मान देने की इच्छा थी। विकास की प्रक्रिया को भी आगे नहीं बढ़ाया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा पर ग्रहण लग गया था। यहां से पलायन होता था। युवा बेरोजगार था। अब बेटियों से छेड़छाड़ करने वाला रसातल में जाएगा। यहां अब कोई पलायन नहीं करा सकता है। व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी डबल इंजन की सरकार दे रही है। पलायन कराने वाले खुद पलायन कर गए। गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर तबके का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्रतीर्थ विकास परिषद बनेगी। संतों की आस्था को सम्मान मिलेगा। विकास के नए मार्ग भी खोलेगा। विकास के कार्यक्रम आगे बढ़ेंगे। एक जिला एक उत्पाद में मुजफ्फरनगर के गुड़ की मिठास पूरी दुनिया में छा गई है। अब कांवड़िये सम्मान के साथ चल रहे हैं और उन पर पुष्पवर्षा की जाती है। पहले वोट बैंक खिसकने के डर से कांवड़ियों को रोका जाता था। ऐसे लोगों को जनता ने सत्ता से ही खिसका दिया है। हमें भारत पर गर्व की अनुभूति करनी चाहिए। हमारी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने के लिए विकास की आवश्यकता है। इसके लिए लोगों के घर में खुशहाली लाने के लिए विकास के मार्ग खोलने होंगे। विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार बोलती नहीं है, करके दिखाती है।

### नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में पूर्व शिक्षा सचिव से सीबीआई की पूछताछ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व शिक्षा सचिव डी नारियाला से पूछताछ की है। एजेंसी की नोटिस के मुताबिक शनिवार को निजाम पैलेस स्थित केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में गए हैं। उनसे पूछा गया है कि उनके शिक्षा सचिव रहते समय नियुक्ति के लिए क्या पद्धति अपनाई गई थी। दरअसल राज्य में अधिकतर शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार उन्हीं के समय में हुआ है । केंद्रीय एजेंसी ने उनसे पूछा है कि इस बारे में उन्हें जानकारी थी या नहीं। गत बुधवार को उन्हें नोटिस भेजकर शनिवार को बुलाया गया था। उसी के मुताबिक सुबह 11:15 बजे के करीब वह केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में पहुंचे। डी नारियाला से यह भी पूछा गया है कि जब वह शिक्षा सचिव थे तब उनसे तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की कितनी बातें होती थी और नियुक्ति मामले में क्या कुछ निर्देश मिलते थे।

## ईडी ने आईएएस अधिकारी रानू साहू को किया गिरफ्तार



**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ की आईएएस अधिकारी रानू साहू तीन दिनों के लिए केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिमांड पर रहेंगी। कोल मामले में आईएएस रानू साहू को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14 दिन की रिमांड की मांग की थी मगर कोर्ट ने 3 दिनों की रिमांड दी है। ईडी ने कोल मामले में गिरफ्तार किया है। उन्हें 25 जुलाई को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। आईएएस अधिकारी रानू साहू पर कोयला परिवहन से लेकर डीएमएफ और सार्वजनिक खाद्य वितरण (पीडीएस) में भ्रष्टाचार करने का आरोप है। रानू साहू छत्तीसगढ़ की दूसरी आईएएस अधिकारी हैं, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया। इससे पहले आईएएस समीर विश्नोई गिरफ्तार हो चुके हैं और कोयला घोटाला मामले में फिलहाल रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 21 जुलाई की देर रात तक आईएएस अधिकारी रानू साहू के रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित सरकारी आवास में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की थी। इसमें मिले अहम सबूतों के मुताबिक रानू साहू करोड़ों रुपये के हेरफेर में शामिल थीं, फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## एएसआई सर्वे का आदेश देकर अदालत ने जन भावना की कद्र की: अश्विनी चौबे

**एजेंसी। वाराणसी**

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने ज्ञानवापी परिसर में सील वजूखाने को छोड़कर बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रडार तकनीक से सर्वे कराने संबंधी न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। शनिवार को सिगरा स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो में भाग लेने आए केन्द्रीय मंत्री मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई सर्वे का आदेश देकर जिला अदालत ने देकर जन भावना की कद्र की है। जिला अदालत ने जो भी निर्णय लिया है,व ह बेहद सोच-समझ कर लिया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी में वैज्ञानिक सर्वे होता है तो यह अच्छी बात है। वैज्ञानिक सर्वे अयोध्या की भूमि पर भी हुआ, वहां सभी ने देखा कि



सब कुछ सिद्ध हुआ। अयोध्या में जिस प्रकार से भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बना, यहां भी वह काम भविष्य में होगा और यह सब मिल-जुल कर करेंगे। एक सवाल के जवाब में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रियंका गांधी को यह नहीं मालूम कि मणिपुर की घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किस तरह की संवेदना है और वह किस तरह से व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर की जो घटना हुई है, उसमें कुछ ऐसे लोग हैं जो सिर्फ हिंसा पर उतारूहैं। वहां कुछ लोगों की समझ में काफी अंतर है जिसकी वजह से यह हिंसा हुई । जब लोग एक - दूसरे के प्रति समझ लेंगे, तब ऐसा नहीं होगा। एक-दूसरे की जाति के प्रति जो लोगों के मन में दूषित भावना है उसको समाप्त करना होगा। वहां के शासन-प्रशासन ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की है। एक अन्य सवाल के जवाब में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में अब सुशासन नहीं दुशासन बाबू का राज है।

## प्रदेश में हर व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए कर रहा प्रयास: मुख्यमंत्री शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं प्रदेश में हर व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिये प्राण-प्रण से प्रयास कर रहा हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिये भगवान का वरदान हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाई है। आज चारों ओर विकास और जन-कल्याण के कार्य हो रहे हैं। एक परिवार की तरह सरकार चल रही है, जिसमें हर सदस्य का पूरा ध्यान रखा जाता है। समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य किये जा रहे हैं। हर शासकीय कर्मचारी की बेहतरी का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकताओं के साथ ही सहायिकाओं का भी मानदेय बढ़ाया गया है। शीघ्र ही अतिथि शिक्षकों और आशा बहनों की समस्याओं के समाधान के लिये



भी सम्मेलन बुलाया जायेगा। रसोइया बहनों का भी ध्यान रखा जायेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गाडरवारा, नरसिंहपुर में विकास पर्व में शामिल हुए। उन्होंने विकास कार्यों का लोकार्पण किया और बहनों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने 4434 करोड़ से अधिक की शक्कर-पेंच लिंक परियोजना के भूमि-पूजन सहित कुल 4825 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन किया। इनमें 4796 करोड़ 56 लाख के भूमि-पूजन और 28 करोड़ 45 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया। शुभारंभ कन्या-पूजन से किया गया। मुख्यमंत्री चौहान गाडरवारा में जनदर्शन के दौरान विवेकानंद वार्ड निवासी ललिता बाई के घर पहुँचे। चर्चा में ललिता ने बताया कि उनके पति और बड़े बेटे की मृत्यु हो चुकी है। घर कच्चा है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री ने उन्हें घर बनाने के लिये तत्काल ढाई लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा। ललिता बाई ने कहा कि ₹आज भैया शिवराज ने मुझे जो स्नेह दिया है, वह मैं कभी भी भूल नहीं सकती।" उन्होंने चौहान को आत्मीयता से चाय पिलाई। बहन का अपने प्रति स्नेह देख मुख्यमंत्री चौहान भाव-विभोर हो गये। जन-दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री निरंजन वार्ड में नेत्रहीन बालिका संतोष मेहरा से मिले। मुख्यमंत्री ने उसे स्वेच्छानुदान से 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि उसकी आँखों की जाँच करवा कर हर संभव इलाज कराया जाये।

## पांचला में महिला को प्रताड़ित करने के मामले में झूठ बोल रहे हैं डीजीपी: शुभेंदु अधिकारी

**एजेंसी। कोलकाता**

राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा के महिला उम्मीदवार को शारिरिक तौर पर प्रताड़ित किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हालांकि शुक्रवार को ही राज्य के डीजीपी अमित मालवीय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी थी के मामले में कोई सच्चाई नहीं है लेकिन राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने डीजीपी अमित मालवीय पर इस मामले में झूठ बोलने के आरोप लगाते हुए दाव किया है कि मामले में पुलिस को इसलिए





कोई सबूत नहीं मिल रहा क्योंकि सच्चाई सामने आई तो राज्य सरकार मुश्किल में पड़ जाएगी। शुभेंदु ने राज्य पुलिस डीजी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बयान और पीड़ित महिला के बयान को उजागर करते हुए एक ट्वीट भी किया।

दरअसल, हावड़ा के पांचला की घटना को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार दोपहर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था। इस दौरान सुकांत मजूमदार ने मणिपुर के घटना की निंदा की थी और कहा था कि पश्चिम बंगाल में भी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को नग्न घुमाया गया। सुकांत मजूमदार ने यह सवाल पूछा था कि क्या यह सही है? इसके बाद आनन-फानन में डीजीपी अमित मालवीय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पूरे घटना को ही खारिज कर दिया लेकिन शुभेंदु अधिकारी ने अब डीजीपी पर पलटवार करते हुए उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है।

## बिहार में पूरी तरह समाप्त हो गया है कानून का राज:शहनवाज हुसैन

**एजेंसी। भागलपुर**

पूर्व उद्योग मंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने शनिवार को भागलपुर के अतिथिगृह मे कहा कि वर्तमान नीतीश कुमार की सरकार आज पूरी शक्ति विरोधी दल के कार्यकताओं पर लाठी चलाने में लगा रही है। उतनी तत्परता से अगर गुंडों और अपराधिक तत्वों के लोगों पर सख्ती बरती जाए तो शायद बिहार सुखी, संपन्न, शांति सौहार्द्र से जिएगा। उन्होंने मुजफ्फरपुर में हुए कांड को लेकर कहा कि बिहार में सरेआम हत्या हो रही है। बिहार में कोई जिला इससे अछूता नहीं है। बिहार में



कानून का राज समाप्त हो गया है। मुजफ्फरपुर में जिस तरह दिनदहाड़े हत्या हुई है। यह प्रमाणित करता है कि बिहार में कानून का राज समाप्त हो गया है। जिस मुजफ्फरपुर जिले में केंद्र सरकार 4 - 4 फैक्ट्रियां लगा रही है। वहीं नीतिश के राज में गुंडागर्दी और मारकाट हो रहा है। कैसे बाहर के लोग यहां व्यवसाय के लिए आएंगे। उन्होंने मणिपुर की घटना पर कहा कि वहां जो आपसी तनाव चल रहा है। उसे केंद्र सरकार जल्द सुलझाने में लगी है। उम्मीद है सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा।

**पहल** | आदिवासी क्षेत्र के 30 विद्यालयों में हुई स्मार्ट क्लास की शुरूआत

# शिक्षकों को दिया जाएगा नई टेक्नोलाजी का प्रशिक्षण

**एजेंसी। धमतरी**

जहां चाह है वहां राह है यह कहावत चरितार्थ हुई है नगरी आदिवासी क्षेत्र नगरी के 30 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना से। एक साथ 30 विद्यालयों में डाइट की ऊंची सोच,समाज सेवियों का सहयोग और शिक्षक तथा एसएमसी सदस्यों के उत्साह से स्मार्ट टीवी की व्यवस्था की गई है। अब इसका उपयोग विभिन्न विषयों के अध्यापन में किया जाएगा। इन विद्यालयों के शिक्षकों को नई एजुकेशन टेक्नोलाजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप जिले के प्रत्येक विद्यालय में स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर एवं प्रोजेक्टर लगभग अनिवार्य हो गया है। नई शिक्षा नीति





में बच्चे न केवल संस्कार युक्त नैतिकता, प्राचीन मानवीय व सार्वभौमिक मूल्यों को आत्मसात करेंगे बल्कि प्राथमिक स्तर से ही टेक्नोलॉजी के जरिये दुनिया के ज्ञान विज्ञान को समझेंगे। इस नई शिक्षा नीति की मंशा पर डाइट नगरी द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। गांव-गांव जाकर एसएमसी सदस्यों, आम पालकों को एकत्रित कर विद्यालयों को रचनात्मक सहयोग एवम शैक्षिक क्रिया कलापों में भागीदार बनने प्रेरित किया जा रहा है। चर्चा परिचर्चा में इस बात की भी जानकारी दी जा रही है कि वे अपने बच्चों को भाषा,गणित,पर्यावरण की शिक्षा बहुत ही आसानी से दे सकते हैं। बहुत सारे विद्यालयों में इसका असर भी दिख रहा है। सी ग्रेड के स्कूल को ए ग्रेड में लाया गया है। नगरी विकासखंड के प्राथमिक शाला बुडरा एवं कारीपानी इसका उदाहरण है। यहां के पालक विकास के लिए सहयोग कर रहे हैं। बुडरा के पालकों ने विद्यालय में लगभग पांच लाख की लागत से चारदीवारी का निर्माण कराया है। मगरलोड निवासी शिक्षिका रंजीता साहू एवम उनके पति तुमन साहू अभी तक 85 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना में सहयोग कर चुके हैं। नगरी के जिन 30 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई है वहां की आधी राशि इस दंपती द्वारा दी गई है। इनके सराहनीय एवम अनुकरणीय कार्य को ध्यान में रखकर डाइट नगरी में आयोजित समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रकांत कौशिक अपर कलेक्टर ने रंजीता साहू,शिक्षिका का सम्मान किया। पालेश्वर दंपती ने खड़पथरा के विद्यालय को स्मार्ट कक्ष बनाने एक स्मार्ट टी वी भेंट किया है। शाम को ये दंपती गांव के बच्चों के लिए निःशुल्क कक्षा का संचालन करते हैं जिसमें 20 से 25 बच्चे शामिल होते हैं। रामदयाल पालेश्वर एवम रेखा पालेश्वर का सम्मान डाइट नगरी द्वारा किया गया। रंजना साहू ने कहा कि वे जिले के विद्यालयों में हरियाली लाने अभी तक तीन हजार चंदन के पौधों का वितरण बैंक से लोन लेकर कर चुकी हैं। वे इस अभियान में अभी भी जुड़ी हुई हैं। जिन विद्यालयों को स्मार्ट टीवी भेंट की गई उनमें प्रा शा बोधसेमरा, मा शा देवपुर, प्रा शा गोहानपारा, प्रा शा हिरीड़ीही, प्रा शा बोकराबेडा,मा शा बोकरा बेडा,प्रा शा जंगल पारा नगरी, प्रा शा राइसमिल पारा नगरी, प्रा शा गोरसानाला, प्रा शा जंगलपारा छिपलीं, प्रा शा सिंगपुर, प्रा शा कुरमियां,प्रा शा मुरुमतरा एवम प्रा शा पंडरीडबरी के नाम विशेष उल्लेखनीय है। इस अवसर पर डाइट नगरी के प्राचार्य डा वीपी चन्द्रा, सहायक प्राध्यापक केएस ध्रुव, सहायक प्राध्यापक डी के साहू, बीएम गजेंद्र, हिममणी सोम नरेंद्र देवांगन, जोहन नेताम, संगीता रनघाटी, एके सार्वा ,ईश्वरी ध्रुव स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे।

### हाइवा ने स्कूली बस में मारी टक्कर,10 बच्चे घायल

**नवादा।** जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र अंतर्गत गया -हिसुआ पथ एनएच 82 पर शनिवार को एक अनियंत्रित हाईवा ट्रक ने स्कूल गाड़ी मैजिक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मैजिक गाड़ी करीब चार बार पलट गई. हादसे में उस पर सवार ड्राईवर समेत कुल 10 लोग जख्मी हो गए. सभी को हिसुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ,जिसमें 3 बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए पावापुरी रेफर किया गया है। बताया गया है कि शनिवार को स्कूल की मैजिक गाड़ी बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, तभी गया तरफ से आ रही हाईवा ट्रक ने स्कूल के मैजिक गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे स्कूल गाड़ी चार पलटनिया खाकर पलट गया। बताया जाता है कि रेपुरा गांव और शिवगंज गांव से बच्चे लेकर स्कूल गाड़ी जा रही थी, तभी शिवगंज के पास हाईवा ट्रक ने जोरदार टक्कर दिया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## 25 जुलाई तक देश के विभिन्न इलाकों में बारिश की संभावना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से दो डिग्री कम है। मौसम विज्ञानियों ने दिन के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इसके अलावा, शनिवार सुबह 8.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 59 प्रतिशत दर्ज की गई। अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री से ऊपर और 38 डिग्री से नीचे और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री से कम लेकिन 25 डिग्री से ऊपर रहने की संभावना है। इस बीच, मौसम पूवार्नुमान एजेंसी ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान मध्य महाराष्ट्र और गुजरात राज्य के कोंकण, घाट



क्षेत्रों में अलग-अलग अत्यधिक भारी वर्षा गतिविधि जारी रहने की संभावना है, जबकि पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के शेष हिस्सों में अगले 4-5 दिनों के दौरान हल्की बारिश जारी रहने की संभावना है। आईएमडी द्वारा जारी मौसम बुलेटिन में कहा गया है कि 25 जुलाई तक भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मौसम की स्थिति में महत्वपूर्ण वर्षा और कुछ भारी बारिश होने की उम्मीद है। आईएमडी ने आगे भविष्यवाणी की कि मध्य भारत में अगले पांच दिनों के दौरान क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश के साथ अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की उम्मीद की जा सकती है।

### प्रधानमंत्री ने विभिन्न सरकारी विभागों के लिए 70,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए, बोले

# छोटे-छोटे प्रयासों से बदल सकते हैं जीवन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों के लिए 70,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर में चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा, डाक, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, रक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन, कार्मिक और प्रशिक्षण और गृह मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सरकार में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान देश भर के 44 स्थान मेले से जुड़े रहे। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह न केवल युवा नवनियुक्तों के लिए एक स्मरणीय दिन है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आज वह दिन है जब 1947 में पहली बार



संविधान सभा द्वारा तिरंगे को उसके वर्तमान स्वरूप में स्वीकार किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बहुत प्रेरणा की बात है कि नवनियुक्तों को इस महत्वपूर्ण दिन सरकारी सेवाओं के लिए नियुक्ति पत्र मिल रहा है। उन्होंने देश का नाम आगे ले जाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। मोदी ने रेखांकित किया कि यह नवनियुक्तों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है कि उन्हें ऐसे समय में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में योगदान करने का अवसर मिल रहा है जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर नवनियुक्तों और उनके परिवारों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रत्येक नागरिक ने भारत को 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अगले 25 वर्ष नई भर्तियों और देश के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने हाल के वर्षों में विश्व से भारत की दिशा में प्रदर्शित विश्वास, महत्व और आकर्षण का अधिकतम लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के उदय को रेखांकित किया क्योंकि यह बहुत शीघ्रता से विश्व की 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत विश्व की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने जा रहा है, जैसा कि अधिकांश अर्थव्यवस्था विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, विश्व की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी, उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि इससे हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आम नागरिकों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भर्ती किए जाने के लिए आज से बेहतर समय नहीं हो सकता क्योंकि नए अधिकारियों को अमृत काल में देश की सेवा करने का सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने सुझाव दिया कि उनकी प्राथमिकताएं देश के लोगों की सेवा करना और जीवन जीने की सुगमता बढ़ाने के लिए उनके मुद्दों का समाधान करना होना चाहिए, साथ ही खुद को विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप जोड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, आपका एक छोटा सा प्रयास किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने दोहराया कि आम लोग ईश्वर के रूप हैं और उनकी सेवा करना स्वयं भगवान की सेवा करने जैसा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नियुक्त होने वाले नए लोगों को दूसरों की सेवा करने के विश्वास के साथ काम करना चाहिए जिससे कि संतुष्टि की सबसे बड़ी भावना को प्रकट किया जा सके।

बैंकिंग क्षेत्र की चर्चा करते हुए, जिसमें आज के कार्यक्रम में अच्छी संख्या में भर्तियां हुईं, प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था के विस्तार में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका को रेखांकित कियामोदी ने पिछले नौ वर्षों की यात्रा को याद करते हुए कहा, आज, भारत उन देशों में से है, जिनका बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है। उन्होंने अतीत में इस क्षेत्र पर राजनीतिक स्वार्थ के बुरे प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने अतीत की 'फोन बैंकिंग' का उल्लेख किया जब शक्तिशाली लोगों के फोन कॉल पर ऋण संवितरित किए जाते थे। उन्होंने कहा, ये ऋण कभी नहीं चुकाए गए। उन्होंने कहा, इन घोटालों ने देश के बैंकिंग क्षेत्र की कमर तोड़ दी।

## सुरम्य दूधसागर झरने में प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

**पणजी।** गोवा सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी कर दक्षिण गोवा के सुरम्य दूधसागर झरने में पर्यटकों, ट्रैकर्स और सभी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो गोवा-कर्नाटक सीमा पर स्थित है। कई पर्यटक और ट्रैकर सप्ताहांत के दौरान दूधसागर झरने का दौरा करने आते थे। दक्षिण गोवा कलेक्टर ए अश्विन चंद्रू ने आदेश में कहा है, आगंतुकों को केवल वन विभाग द्वारा निर्दिष्ट प्रवेश बिंदुओं से खरीदे गए परमिट/टिकट के साथ निर्धारित मार्गों के माध्यम से दूधसागर जलप्रपात क्षेत्र के बेस में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

## सीएम शिंदे ने परिवार समेत पीएम मोदी से की मुलाकात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को अपने परिवार समेत प्रधानमंत्री से मुलाकात की। शिंदे प्रधानमंत्री से मिलवाने के लिए अपने पिता संभाजी शिंदे, पत्नी लता शिंदे, बेटे श्रीकांत शिंदे (लोक सभा सांसद भी हैं), बहु रुषाली शिंदे और पोते रुद्राक्ष को अपने साथ ले गए थे। पीएम से शिंदे की सपरिवार मुलाकात को एनडीए में उनके बढ़ते कद और भाजपा के साथ मजबूत होते रिश्तों की बानगी के तौर पर भी देखा जा रहा है।

## नई पीढ़ी को मंदिरों के माध्यम से देने होंगे संस्कार : मोहन भागवत

**एजेंसी। वाराणसी**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को मंदिरों के द्वारा शिक्षा संस्कार देनी पड़ेगी, क्योंकि भविष्य उन्हीं को संभालना है। इनको अभी से प्रशिक्षित करने की जरुरत है। संघ प्रमुख मोहन भागवत शनिवार को वाराणसी में टेंपल कनेक्ट की ओर से आयोजित मंदिरों के महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंदिर को नई पीढ़ी को संभालना है तो उन्हें ट्रेनिंग दें। अपने साधन



और संसाधन को एक करके अपनी कला और कारीगरी को सशक्त करें। समाज के कारीगर को प्रोत्साहन मिले तो वह अपने को मजबूत करेगा। मंदिर सत्यम-शिवम-सुंदरम की प्रेरणा देते हैं। मंदिर की कारीगरी हमारी पद्धति को दिखाते हैं। मंदिर को चलाने वाले धर्म होने चाहिए। अपने यहां कुछ मंदिर सरकार और कुछ समाज के हाथ में है। काशी विश्वनाथ का स्वरूप बदला, ये भक्ति की शक्ति है। परिवर्तन करने वाले लोग भक्त हैं और इसके लिए भाव चाहिए। भागवत ने कहा कि छोटे से छोटे मंदिर में पूजा हो और वहां पर स्वच्छता की व्यवस्था हो, उसकी चिंता होनी चाहिए। कई जगहों पर मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं, उनको कैसे जोड़ा जाए, उस पर भी सोचना चाहिए।

## पुलिस व नक्सलियों की मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**एजेंसी। बीजापुर**

शनिवार को बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के पोटेनार और केशामुंडी के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 10 से 15 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस 222 बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे। तभी पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हो गई थी। मुठभेड़ के पश्चात जवान लगातार क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चला रहे थे। सर्चिंग के दौरान पूर्व से घात लगाये बैठे माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर अधांधुंध फायरिंग की गई। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करने पर माओवादी मौके से जंगल-पहाड़ का आड़ लेकर भाग गये। मुठभेड़ करीबन आधा घंटे तक चली। पुलिस के अनुसार फायरिंग रूकने पर आसपास सर्चिंग के दौरान केशामुण्डी के जंगल-पहाड़ से एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव बरामद हुआ जिसके शव के पास से एक नग पिस्टल मय मैग्जीन, दो राउण्ड बरामद किया गया।

# चीनी क्षेत्र के पुनरुत्थान से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही रफ्तार और सशक्त हो रहे किसान

भारत सरकार ने हाल ही में चीनी सत्र 2023-24 के लिए गन्ने के 315 रुपये प्रति क्विंटल के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) की घोषणा की है, जिसमें भुगतान लागत के साथ-साथ पारिवारिक श्रम के मूल्यांकित मूल्य (ए2+एफएल लागत) पर 100 प्रतिशत से अधिक का मार्जिन शामिल किया गया है। यह फसलों के लिए सबसे ज्यादा मार्जिन में से एक है, जिससे किसानों के लिए ऊंचा रिटर्न सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस फैसले से लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रित लाभान्वित होंगे। नई एफआरपी का उद्देश्य भारतीय चीनी उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करते हुए किसानों की आकांक्षाओं को पूरा करना है।

एफआरपी वह बेंचमार्क कीमत है जिससे कम मूल्य पर कोई भी चीनी मिल गन्ना नहीं खरीद सकती। इसलिए, यह न्यूनतम समर्थन मूल्य की तरह है लेकिन यहां पर खरीद चीनी मिलों द्वारा की जाती है, सरकार द्वारा नहीं।

भारत में चीनी उद्योग का इतिहास उतार-चढ़ाव वाला रहा है और हाल के वर्षों में यह एक मजबूत क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। 2020-21 से पहले 8 वर्षों में, भारत सरकार ने चीनी क्षेत्र को वित्तीय संकट से बाहर लाने के लिए 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी, ताकि मिलों द्वारा किसानों का भुगतान तत्काल जारी किया जा सके। हाल के वर्षों में, केंद्र सरकार के लक्षित हस्तक्षेप, चीनी उद्योग की कुशलता और अनुकूल वैश्विक कारकों के कारण चीनी क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। चीनी क्षेत्र की सेहत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2021-22 के बाद से, इथेनॉल परियोजनाओं के लिए ब्याज अनुदान योजना (जिसके तहत 30 जून, 2023 तक 494 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं) को छोड़कर चीनी मिलों को कोई बजटीय सहायता नहीं दी गई है।

आधुनिकीकरण और विविधीकरण के लिए क्षेत्र में पूंजीगत व्यय के बढ़े हुए स्तर से पिछले 6 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश हुआ है और ग्रामीण युवाओं के लिए 50,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।




सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर की कीमतों का रुझान न केवल इस क्षेत्र की वर्तमान स्थिति बल्कि इसकी भविष्य की संभावनाओं का भी एक विश्वसनीय संकेत है। ऐसा देखा गया है कि शीर्ष 10 सूचीबद्ध चीनी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (उनकी गन्ना पेराई क्षमता के आधार पर) पिछले 4 वर्षों में दोगुना से अधिक हो गया है। चीनी क्षेत्र के कायापलट का श्रेय तीन प्रमुख कारकों को दिया जा सकता है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 इस लिहाज से अहम पहल रही जिसने चीनी क्षेत्र के पुनरुद्धार में सबसे अधिक योगदान दिया है। इसके जरिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दिया गया। हालांकि, पेट्रोल के साथ इथेनॉल सम्मिश्रण (ईबीपी) कार्यक्रम वर्ष 2003 से लागू किया जा रहा है, लेकिन राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति की घोषणा को इस क्षेत्र में पुनरुत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण घटना कहा जा सकता है। तब से, कई नीतिगत पहलों ने इथेनॉल संयंत्रों की स्थापना की प्रक्रियाओं को सरल बना दिया है और मोलासेस से उत्पादित इथेनॉल के लिए लाभकारी मूल्य की पेशकश की गई है। केंद्र सरकार ने इथेनॉल परियोजनाओं के लिए ब्याज अनुदान योजना भी शुरू की है, जिसके तहत देश में इथेनॉल उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परियोजना के प्रस्तावकों को प्रति वर्ष 6 प्रतिशत ब्याज या 50 प्रतिशत ब्याज, जो भी कम हो, की 5 वर्षों के लिए प्रतिपूर्ति की जाती है। इसके तहत वर्ष 2018 से अभी तक 4,400 करोड़ लीटर अनुमानित क्षमता वाली 1,200 से ज्यादा परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी जा चुकी है। महज दो वर्षों के दौरान, इथेनॉल मिश्रण का प्रतिशत दोगुना हो गया है और इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (दिसंबर-नवंबर), 2021-22 के दौरान लगभग 434 करोड़ लीटर इथेनॉल मिश्रित किया गया था, जो 10 प्रतिशत के लक्ष्य को पार कर गया। ईबीपी कार्यक्रम अब 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है, जिससे भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा इथेनॉल उत्पादक देश बन जाएगा। इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप पिछले 4 वर्षों के दौरान चीनी आधारित डिस्टिलरीज को 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। इस साल तेल विपणन कंपनियों को इथेनॉल की बिक्री से डिस्टिलरीज को 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होने की उम्मीद है।

चीनी का निर्यात दूसरा बड़ा घटनाक्रम है, जिससे चीनी मिलों को बुनियादी रूप से मजबूती मिली है। लगभग शून्य निर्यात से, भारत ने चीनी सत्र (नवंबर-अक्टूबर) 2021-22 में 110 लाख टन चीनी का निर्यात किया है और दुनिया में चीनी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। अन्य बातों के अलावा, निर्यात ने चीनी क्षेत्र को अपनी अतिरिक्त इन्वेंट्री का निपटान करने में सक्षम बनाया है जो अब तक चीनी मिलों के लिए पैसे के फंसने और गन्ना किसानों को भुगतान में देरी की वजह बनता था। भारतीय चीनी ने अब निर्यात बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है और उसे ऊंची वैश्विक कीमतों का लाभ मिल रहा है, जो पिछले 3 वर्षों में लगभग दोगुनी हो गई हैं।

तीसरा कारक चीनी मिलों की उत्पाद श्रृंखला के विविधीकरण से संबंधित है। चीनी क्षेत्र आज देश में पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालने वाली चक्रीय अर्थव्यवस्था का मार्ग दिखाने वाला बना हुआ है। उद्योग साथ में बिजली, पोटाश आधारित उर्वरकों के उत्पादन और कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) बनाने के लिए प्रेस मड के इस्तेमाल के साथ अतिरिक्त कमाई कर रहा है। चीनी उद्योग ने न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने, बल्कि ग्रिड को अधिशेष बिजली प्रदान करने के लिए बिजली उत्पन्न करने में खोई का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। 9,500 मेगावाट की क्षमता के साथ, चीनी क्षेत्र अपने हरित ऊर्जा सह-उत्पादन बुनियादी ढांचे से लगभग 10,000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर रहा है।

**संजीव चोपड़ा**
**सचिव, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग।**

### यासीन मलिक सुरक्षा चूक मामला

## चार अधिकारी निलंबित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली जेल अधिकारियों ने यासीन मलिक सुरक्षा चूक मामले में चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। टेरर फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक को मानक संचालन प्रक्रिया (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का पालन किए बिना सुप्रीम कोर्ट ले जाने के बाद शुक्रवार को जेल अधिकारियों ने जांच शुरू की थी। जेल के एक सीनियर अधिकारी ने



कहा कि 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में यासीन मलिक की फिजिकल पेशी के मामले में जेल विभाग ने शुक्रवार की रात एक उप अधीक्षक, दो सहायक अधीक्षक और एक हेड वार्डर को निलंबित कर दिया है।

## खड़गे-राहुल 9 अगस्त को राजस्थान में आदिवासियों को करेंगे संबोधित

**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 9 अगस्त को राजस्थान के बांसवाड़ा आएंगे और आदिवासियों को संबोधित करेंगे। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। दोनों यहां स्थानीय आदिवासियों के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाएंगे। नेता आदिवासी समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। राज्य के मंत्रियों महेंद्रजीत सिंह मालवीय, अर्जुन सिंह बामनिया और अन्य नेताओं ने व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए बांसवाड़ा में प्रस्तावित स्थल, बांसवाड़ा कॉलेज ग्राउंड का दौरा किया।

# मातृभाषा में पढ़ाई से छात्रों की आलोचनात्मक सोच बढ़ेगी : प्रधान

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि 12वीं कक्षा तक शिक्षण के वैकल्पिक माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग करने के सीबीएसई के निर्णय से छात्रों की आलोचनात्मक सोच में वृद्धि होगी। प्रधान ने यहां संवाददाताओं से कहा, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूल अब तक शिक्षण के माध्यम के रूप में हिंदी या अंग्रेजी का उपयोग करते रहे हैं। हालाँकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 (एनईपी-2020) के प्रावधानों के अनुसार, छात्र अब अपनी मातृभाषा जैसे उड़िया, बंगाली, तेलुगु आदि में शिक्षा पा सकते हैं। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, ओडिशा में सीबीएसई स्कूल के छात्र उड़िया भाषा में गणित और पर्यावरण विज्ञान जैसे विषय सीख सकते हैं। हिंदी या अंग्रेजी के अलावा उड़िया भाषा के माध्यम से सीखना छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा। प्रधान ने कहा, इस कदम का मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्र बिना किसी संदेह के विषयों को ठीक से सीखें और भाषा उनके सीखने में बाधा न बने। यदि कोई छात्र मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करेगा तो इससे उसकी आलोचनात्मक सोच में वृद्धि होगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सीबीएसई स्कूल छात्रों को चरणबद्ध तरीके से उड़िया, बंगाली, तमिल, तेलुगु, पंजाबी, गुजराती, मराठी, मलयाली, कन्नड़ सहित भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत मान्यता प्राप्त सभी भाषाओं में पढ़ाएंगे।

### अमित शाह और जेपी नड्डा ने मातृभाषा में शिक्षा के सीबीएसई के फैसले पर जताई प्रसन्नता

अमित शाह और जेपी नड्डा ने मातृभाषा में शिक्षा के सीबीएसई के फैसले पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का जिक्र किया है। अमित शाह ने सीबीएसई के फैसले की जानकारी देने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए कहा, पीएम मोदी के मातृभाषा में शिक्षा के संकल्प पर बल देते हुए सीबीएसई द्वारा भारतीय भाषाओं में 12वीं तक की शिक्षा के विकल्प का निर्णय सराहनीय है। इसके लिए मैं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बधाई देता हूं। शाह ने आगे कहा, विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा मिलने से उनके चिंतन, तर्क व अनुसंधान की क्षमता में बढ़ोतरी तो होगी ही, साथ ही इस पहल से अधिक से अधिक छात्र अब सीबीएसई के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।